● जयपुर, मंगलवार, 11 जून 24● वर्ष 13 ● अंक 283 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 पंचायत संस्थाओं के कार्यों एवं गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग पोर्टल से की...
पेज @6 भीषण गर्मी में बिजली-पानी के पर्याप्त प्रबन्धन हों : पायलट...
पेज @8 » मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया राजस्थान हाउस दौरा...

# मोदी कैबिनेट में विभागों का हुआ बंटवारा, शाह ही संभालेंगे गृह, सिंह के हाथ में रक्षा

## जेपी नड्डा को मिला स्वास्थ्य मंत्रालय, गडकरी रिपीट तो शिवराज, खट्टर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नईदिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।नागपुर से सांसद नितिन गडकरी को फिर से सड×क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। अमित शाह को दोबारा गृह, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय और एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय सौंपा गया है।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और रसायन और उर्वरक मंत्री बनाया गया है। इससे पहले वे 2014 में भी मंत्री बनाए गए थे।निर्मला सीतारमण पर बतौर वित्त मंत्री दोबारा भरोसा जताया गया है।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी मामलों के मंत्री और बिजली मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री और पीयूष गोयल को वाणिज्य और उद्योग मंत्री नियुक्त किया गया है।
एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग और स्टील मंत्रालय, जीतन राम मांझी को सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय, अश्विनी वैष्णव को



रेल, आईटी, सूचना एवं प्रसारण, ज्योतिरादित्य सिंधिया को टेलीकॉम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास का मंत्रालय, भूपेंद्र यादव को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, गजेंद्र सिंह शेखावत को कला पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
अन्नपूर्णा देवी यादव को महिला और बाल विकास मंत्री बनाया गया है। अब तक स्मृति ईरानी इस मंत्रालय को संभाल रही थीं, लेकिन वे चुनाव हार गई हैं।किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों का मंत्री, हरदीप सिंह पुरी को पेट्रोलियम मंत्री, मनसुख मंडाविया को श्रम और रोजगार और खेल मंत्री, जी किशन रेड्डी को कोयला और खान मंत्री, चिराग पासवान को खाद्यप्रसंस्करण मंत्री और सीआर पाटिल को जल शक्ति मंत्री बनाया गया है।
राव इंद्रजीत सिंह को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, योजना मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।जितेन्द्र सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री की जिम्मेदारी मिली है।अर्जुन राम मेघवाल को कानून एवं न्याय मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।
एनडीए के सहयोगियों में कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, चिराग पासवान और किंजरापु राममोहन नायडू को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।जाधव प्रतापराव गणपतराव को आयुष मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है।सहयोगी पार्टियों के 4 अन्य नेताओं को भी राज्य मंत्री बनाया गया है।

### यहां देखें पूरी लिस्ट

| नाम | रैंक | मंत्रालय |
|---|---|---|
| अमित शाह | कैबिनेट मंत्री | गृह मंत्रालय |
| राजनाथ सिंह | कैबिनेट मंत्री | रक्षा मंत्रालय |
| नितिन गडकरी | कैबिनेट मंत्री | सड×क परिवहन मंत्रालय |
| जेपी नड्डा | कैबिनेट मंत्री | स्वास्थ्य मंत्रालय |
| धर्मेंद्र प्रधान | कैबिनेट मंत्री | शिक्षा मंत्रालय |
| जीतन राम मांझी | कैबिनेट मंत्री | एमएसएमई मंत्रालय |
| राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) | कैबिनेट मंत्री | पंचायती राज मंत्रालय |
| सर्बानंद सोनोवाल | कैबिनेट मंत्री | पोर्ट और शिपिंग का पुराना मंत्रालय |
| डॉ वीरेंद्र कुमार | कैबिनेट मंत्री | सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्रालय |
| राममोहन नायडू | कैबिनेट मंत्री | नागरिक उड्डयन मंत्रालय |
| प्रल्हाद जोशी | कैबिनेट मंत्री | उपभोक्ता मंत्रालय |
| जुएल ओरांव | कैबिनेट मंत्री | जनजातीय कार्य मंत्रालय |
| गिरिराज सिंह | कैबिनेट मंत्री | कपड़ा मंत्रालयअश्वनी वैष्णव |
| अश्वनी वैष्णव | कैबिनेट मंत्री | सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय |
| ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया | कैबिनेट मंत्री | दूरसंचार मंत्रालय |
| गजेन्द्र सिंह शेखावत | कैबिनेट मंत्री | संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री |
| अन्नपूर्णा देवी | कैबिनेट | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय |
| किरेन रिजिजू | कैबिनेट मंत्री | संसदीय कार्य मंत्री |
| हरदीप सिंह पुरी | कैबिनेट मंत्री | पेट्रोलियम मंत्रालय |
| डॉ मनसुख मंडाविया | कैबिनेट मंत्री | श्रम मंत्रालय |
| चिराग पासवान | कैबिनेट मंत्री | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| सीआर पाटील | कैबिनेट मंत्री | जल शक्ति मंत्रालय |
| राव इंद्रजीत सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री |

शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वह अपने मंत्रिपरिषद के साथ मिलकर काम करते हुए देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा करने और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं. उन्होंने कहा, मंत्रियों की यह टीम युवा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है. हम लोगों के जीवन में सुधार के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे. पीएम मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति हैं.

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, यात्रियों से भारी बस की डंपर से टक्कर, 4 की मौत



**गाजीपुर/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। अयोध्या से रामलला के दर्शन कर बिहार जा रही यात्रियों से भरी बस एक डंपर से जा टकराई। इस हादसे में बस चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।
हादसे में घायल लोगों में से कुछ को इलाज के लिए गाजीपुर जिला अस्पताल और कुछ को मऊ भेजा गया है।
जानकारी के अनुसार, ये हादसा सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बाराचवर के पास चैनल न.319 के पास यह हादसा हुआ। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि बस चालक ने पीछे से डंपर में टक्कर मार दी। हादसे में घायल सभी लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।
बस में बैठे लोगों की मानें तो बस चालक को झपकी आ गई थी और उसने सड×क किनारे खड़े डंपर में टक्कर मार दी।
उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी लोग बिहार के भोजपुर जनपद के रहने वाले हैं, जो रामलला के दर्शन कर अयोध्या से वापस लौट रहे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट याचिका पर केजरीवाल सरकार को लगाई फटकार

### कहा-हमें हल्के में न लें...



**नईदिल्ली/एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें हल्के में मत लीजिए। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उसकी याचिका में खामियों को दूर न करने के लिए यह फटकार लगाई रहै। याचिका में हरियाणा को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को कम करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ दें।
जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार की दायर याचिका में त्रुटि के कारण रजिस्ट्री में हलफनामे स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। आगे कहा,आपने त्रुटि को ठीक क्यों नहीं किया? हम याचिका खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी इस ओर ध्यान दिलाया गया था और फिर भी आपने त्रुटि को दूर नहीं किया। अदालती कार्यवाही को हल्के में न लें, चाहे आपका मामला कितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो।
बेंच ने मामले की सुनवाई 12 जून तक स्थगित करते हुए कहा, हमें कभी हल्के में न लें। फाइलिंग स्वीकार नहीं की जा रही है। आप सीधे कोर्ट को कई दस्तावेज सौंपते हैं और फिर कहते हैं कि आपके पास पानी की कमी है और आज ही आदेश पारित कर देते हैं। आप सभी तरह की अत्यावश्यकता का हवाला देते हैं और आराम से बैठे रहते हैं। सब कुछ रिकॉर्ड में आने दें। हम इस पर परसों सुनवाई करेंगे।

## पीएम मोदी ने वैश्विक नेताओं को दिया धन्यवाद, कहा-आपके साथ मिलकर काम करने तत्पर हूं

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद दुनिया भर से आ रहे बधाई संदेशों के लिए सोमवार को वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया।
कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक्स पर एक पोस्ट कर बधाई दी, जिस पर पीएम मोदी ने जवाब दिया, बधाई संदेश के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री को धन्यवाद। भारत आपसी समझ और एक-दूसरे की चिंताओं के सम्मान के आधार पर कनाडा के साथ काम करने के लिए तत्पर है। फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने भी पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर लिखाः भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरे कार्यकाल और नई सरकार के गठन के लिए हार्दिक बधाई। हमारे संबंधों को आगे बढ़ाने और आम लोगों की भलाई तथा कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। पीएम मोदी ने इसके जवाब में उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि राष्ट्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए तत्पर है। पीएम मोदी ने स्लोवेनियाई प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब की बधाई की भी सराहना की और अपने तीसरे कार्यकाल में दोनों देशों के बीच निरंतर घनिष्ठ साझेदारी का आश्वासन दिया। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी के मुसेवेनी ने भी पीएम मोदी को बधाई देते हुए अफ्रीका और भारत के बीच साझा आकांक्षाओं पर जोर दिया। मुसेवेनी ने कहा, अफ्रीका के लोग भारतीयों के साथ समान आकांक्षाएं और लक्ष्य साझा करते हैं। जब भारत ने 1947 में आजादी हासिल की थी, तो अफ्रीकी लोग उपनिवेशवाद के बंधन को उखाड़ फेंकने के लिए लडऩे के लिए प्रेरित हुए। आज, पूरा अफ्रीका राजनीतिक रूप से स्वतंत्र है। उन्होंने आगे कहा कि युगांडा भारत को एक रणनीतिक सहयोगी के रूप में देखता है और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए तत्पर है।

**न्यूज़ अपडेट**

## मतदाताओं का आभार जताने आज रायबरेली जाएंगे राहुल, प्रियंका



**रायबरेली/एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को रायबरेली में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। दोनों मतदाताओं का आभार जताने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह कार्यक्रम पहले अमेठी में होना था, लेकिन बाद में इसे बदल कर रायबरेली कर दिया गया। कांग्रेस की अमेठी जिला इकाई के प्रमुख प्रदीप सिंघल ने बताया कि मतदाताओं का आभार जताने के लिए यह कार्यक्रम मंगलवार को रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी से बचने के लिए कार्यक्रम स्थल बदला गया है। सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।
लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने रायबरेली सीट पर यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को हराया है, जबकि कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से अमेठी सीट छीनी। राहुल गांधी ने चार लाख से अधिक वोटों से दिनेश प्रताप सिंह को हराया।

## मुंबई में आसमान से बरसी आफत

# मानसून की पहली बारिश में ही सड़कें बनीं सैलाब, दो की मौत

**मुंबई/एजेंसी।**

मध्य भारत में अब मानसून अपनी पकड़ बढ़ा रहा है. यही कारण है कि कई इलाकों में बीते कुछ घंटों में जोरदार बारिश हुई है. महाराष्ट्र भी इन्हीं मे से एक है. जहां के कई क्षेत्रों में बीते 24 घंटे में मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पर सीधा असर डाला है. खास तौर पर माया नगरी मुबई में तो आसमान से आफत ही बरस पड़ी है. मुंबई और इसके आस-पास के इलाकों में आई भारी बारिश ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं. यही नहीं सड×कें जहां सैलाब में तब्दील हो गई हैं वहीं इस मूसलाधार बारिश के चलते दो लोगों ने अपनी जान भी गंवा दी है.
मुंबई में तेज बारिश की वजह से कई



रास्तों में सड×कों पर घुटनों तक पानी जमा हो गया है. ऐसे में लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. कई क्षेत्रों में गाडियां ही पानी में तैरती नजर आ रही हैं. विक्रोली की बात करें तो यहां पर मूसलाधार बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है. बारिश के कारण यहां एक स्लैब ही गिर गया. जिसके नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई. खास बात यह है कि मरने वालों में 10 वर्ष का एक बच्चा भी शामिल है.
मुंबई से सटे इलाकों में भी भारी बारिश का असर देखने को मिला है. पालघर में सड×क का एक हिस्सा ही धंस गया खास बात यह है कि इस हिस्से के धंसने की वजह से मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग करीब 4 घंटे तक प्रभावित रहा. इसकी वजह से पाइपलाइन भी फूट गई जिसकी मरम्मत में भी कर्मियों को काफी वक्त लगा. पालघर में कई घंटों तक लोगों को ट्रैफिक जाम की स्थिति से भी जूझना पड़ा. रविवार की बारिश का सीधा असर हफ्ते के पहले दिन यानी सोमवार 10 जून को भी देखने को मिला. भागती दौड़ती मुंबई की रफ्तार धीमी हो गई. सड×कों पर जल जमाव के चलते कई वाहन रेंगते हुए नजर आए. वहीं ठाणे, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर, अहमदनगर, सतारा और जलगांव जैसे महाराष्ट्र के इलाकों में भारी बारिश की वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है.
अकेले मुंबई में सिर्फ रविवार को ही 60 मिमी बारिश दर्ज की गई है. वहीं दक्षिण मुंबई के कोलाबा की बात करें तो यहां 67मिमी बारिश रजिस्टर हुई है, जबकि सीएसटी एयरपोर्ट के पास सांताक्रूज इलाके में बारिश की मात्रा 64 मिमी दर्ज की गई है. हालांकि इस बारिश के बाद मुंबईवासियों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिल गई है. क्योंकि तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है. बता दें कि महाराष्ट्र में इस बार समय से पहले ही मानसून ने दस्तक दे दी है. पहले जहां 15 जून तक मानसून महाराष्ट्र के आस-पास के इलाकों में पहुंचता था, इस बार एक हफ्ते पहले ही इसने अपनी आमद दर्ज कर ली है.

# पर्यावरण और स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक

उर्वरक भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी।

यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है, आदि। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूँकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं, और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालाँकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर–के उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं जितनी होनी चाहिए। क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं। लिहाजा, ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है। पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में, रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे। लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिए पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहें हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विशेष फसल और मिट्टी की आवश्यकताओं के आधार पर उर्वरक के उपयोग को अधिकतम करने के लिए, मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों जैसी सटीक कृषि तकनीकों के कार्यान्वयन को बढ़ावा दें। इससे पर्यावरण और उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव कम हो जाता है। जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित करें जो प्राकृतिक रूप से मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करते हैं। इससे जैव विविधता और मृदा स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। पोषक तत्व–कुशल और पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों के उपयोग को बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और विकास निवेश करें। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने वाले विकल्पों की जांच करना इसका हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी नीतियों में सुधार करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कुशल और पारदर्शी हों और अति प्रयोग को प्रोत्साहित न करें। पोषक तत्व–आधारित सब्सिडी प्रणाली की ओर बढ़ने पर विचार करें जो सामान्य उर्वरकों के बजाय विशिष्ट पोषक तत्वों के अनुप्रयोग का समर्थन करने पर केंद्रित है। आईएनएम तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दें, जो जैविक और अकार्बनिक दोनों स्रोतों से पोषण इनपुट को जोड़ती हैं।

यह रणनीति मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करती है। कीटों और बीमारियों के चक्र को बाधित करने और निरंतर उच्च उर्वरक इनपुट की आवश्यकता को कम करने के लिए फसल चक्र और विविधीकरण को प्रोत्साहित करें। कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं के माध्यम से कृषि प्रणालियों में पारिस्थितिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग को प्रोत्साहित और समर्थन करना जो बाहरी इनपुट पर निर्भरता को कम करता है और स्थिरता पर जोर देता है। सामुदायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में किसानों को शामिल करके सुनिश्चित करें कि नीतियां स्थानीय समुदायों की जरूरतों और वास्तविकता को प्रतिबिंबित करें। परिणामस्वरूप, लोग अधिक जवाबदेह महसूस कर सकते हैं और टिकाऊ खेती के तरीकों में निवेश कर सकते हैं। सर्वोत्तम फसल और उर्वरक प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना, अर्थात नीम तेल लेपित यूरिया का उपयोग, पोषक तत्व कुशल जीनोटाइप का बढ़ना, संतुलित पोषक अनुप्रयोग, निवारक रणनीतियों को अपनाना और सक्षम नीतियों द्वारा सुगम जैविक खेती प्रथाओं से 20–30% की कमी प्राप्त की जा सकती है। उर्वरक का उपयोग. भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय प्रमुख कृषि, बागवानी और औषधीय फसलों के लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समग्र प्रयास कर रहा है। भारत को एक अच्छी तरह से परिभाषित व्यापक प्रणाली स्थापित करनी होगी जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जैविक खाद/फसल अवशेषों के साथ एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और कुशल फसल जीनोटाइप की खेती की सुविधा के अलावा, संतुलित उर्वरक उपयोग पर कठोर नीतियों को लागू करें। उर्वरक सब्सिडी कार्यक्रम में किसी भी संशोधन को सफल और दीर्घकालिक बनाने के लिए, केंद्र सरकार को सुधार प्रक्रिया में किसानों, राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों जैसे सभी संबंधित पक्षों को भी शामिल करना चाहिए।

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म



आरके सिन्हा

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन, पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं – बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं , उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977–1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे।

श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन





राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फर्नांडीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधान मंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति के कारण देश में लोकसभा भंग करने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं।

लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जब उस समय के सबसे बड़े नेता, लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था। 1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे : 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए। अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के दिग्गज नेताओं में से एक रहे, जिन्होंने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु–पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज हुआ, व्यापार बाधाओं को कम किया गया, और देश में आईटी क्रांति का जन्म हुआ। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया और अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए।

और अतीत में, सफल अल्पसंख्यक सरकारें और भी कम सीटों के साथ चलाई गई हैं। कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी।

मैं मानता हूं कि मोदी जी जनता दल के नेता नीतीश कुमार और तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही।

अब लोकसभ चुनाव के बाद केन्द्र में सरकार गठित हो गई है। अब इंडिया गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा। रोज़ विधवा विलाप करने की आदत छोड़नी होगी। आप चुनाव प्राचर के समय तो कुछ भी बोलते हैं। पर चुनाव नतीजों के आने के बाद आपको अपनी बयानबाजी सोच–समझकर करनी होती है। हां, विपक्ष को सरकार को राष्ट्र हित के मसलों पर सजग करते रहना होगा। लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके बिना लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिल कर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बढ़ना होगा। संसद के दोनों सदनों में भी स्वस्थ और सार्थक बहसें हो, यह देश देखना चाहता है। संसद में हंगामा और वॉक आउट ही नहीं होना चाहिए। नरेन्द्र मोदी ने अपनी पार्टी के पुराण पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी को गठबंधन सरकारों को चलाते हुए देखा है। बेशक, वे गठबंधन सरकार को चलाते हुए अटल जी के फैसलों से प्रेरित होंगे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# 2027 के लिए सपा के पीडीए के खिलाफ बीजेपी एलर्ट मोड में



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में मिली शानदार और यादगार जीत के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के हौसले पूरी तरह से बुलंदी पर हैं। अब एक और नया अध्याय लिखते हुए लोकसभा चुनाव की सफलता 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहते हैं। 2024 के आम चुनाव में जहां उनके सामने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चेहरा थे तो वहीं 2027 में उनका मुकाबला तेज तर्रार नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से होगा। मोदी की तरह योगी को भी परास्त करने के लिये समाजवादी पार्टी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक(पीडीए) पर ही दांव लगायेगी,लेकिन उसको मुद्दे बदलने पड़ेगें। योगी से मुकाबला करते समय अखिलेश संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की सियासत को अमलीजाना नहीं पहना पायेंगे। क्योंकि की यह मुद्दे केन्द्र के अधीन आते हैं। लॉ एंड आर्डर के मामले पर भी वह योगी सरकार को नहीं घेर पायेंगे। ऐसे में उनके पास अगड़े–पिछड़ें और दलित की राजनीति ही शेष बचेगी। परंतु बीजेपी कहती है कि काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती है। बीजेपी ने अभी से दलितों और पिछड़ों को साधना शुरू भी कर दिया है। मोदी सरकार के तीसरी बार शपथ ग्रहण के साथ इस खाई को पाटने का काम शुरू भी हो गया है।यूपी में बीजेपी को इस बार सीटें भले ही कम मिली,परंतु मोदी मंत्रिमंडल में यूपी के सांसद जगह बनाने में कुछ ज्यादा ही कामयाब रहे। यूपी से जिन सांसदों को मंत्री बनाया गया ,उनमें से कई पिछड़े और दलित समाज से आते हैं, जिनके सहारे बीजेपी प्रदेश में एक बार फिर से सामाजिक समीकरण अपने पक्ष में करने के प्रयास में है। मंत्रिमंडल में जातीय भागीदारी बनाए रखी गई है। पिछली बार के तीन की बजाए इस बार सिर्फ दो दलित चेहरों को जगह दी गई है। इनमें धनगर जाति के डॉ, एसपी सिंह बघेल को फिर से रिपीट किया गया है। तो पासी जाति से आने वाले कौशल किशोर की जगह कमलेश पासवान को जगह दी गई है। कुर्मियों में फिर से अनुप्रिया पटेल और पंकज चौधरी को रिपीट किया गया है। तो लोध चेहरे के तौर पर बीएल वर्मा को दोबारा मंत्री बनाया गया है। हालांकि उन्नाव से तीन बार और सात बार सांसद रह चुके साक्षी महाराज को लोध चेहरे के रूप में जगह नहीं दी गई है। इसके अलावा क्षत्रियों की नाराजगी को देखते हुए इस बार भी इस बिरादरी के राजनाथ सिंह और कीर्तिवर्धन सिंह को जगह दी गई है। बहरहाल,लोकसभा चुनाव में पीडए के जरिए सामजिक समीकरण साध ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव जमीन पर केमिस्ट्री ठीक करने की रणनीति में जुट गए है। 2027 के विधानसभा चुनाव के पहले अखिलेश की सबसे अधिक नजर पार्टी की अवधारणा बदलने पर है, जिससे साथ आए वोटरों को सहेजा और नए वोटरों को जोड़ा जा सके। यही वजह है कि अखिलेश अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को संयम, संवाद और कनेक्ट की सीख हर बैठक में दे रहे है।

सपा के हिस्से में दस साल के बाद इतनी बड़ी जीत आई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा को पहली बार 32 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। 2.95 करोड़ से अधिक वोटरों ने ईवीएम पर साइकल का बटन दबाया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा को कांग्रेस का साथ मिला, लेकिन तब साथ लड़े रालोद, सुभासपा, अपना दल सहित कुछ और छोटे दलों ने साथ छोड़ दिया। बावजूद इसके अखिलेश अपनी वोट की पूरी पूंजी बरकरार रखने में सफल रहे। बसपा के साथ ही भाजपा कके कोर वोटों में सेंध लगाकर सपा ने विधानसभा चुनाव की अपेक्षा 1 प्रतिशत वोटों की बढ़त बनाते हुए 33,59 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। पार्टी को एक फिर 2.95 करोड़ से अधिक वोट हासिल हुए है। अपने दम पर ही सपा 45 प्रतिशत से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही है। इसलिए 2027 की तैयारियों को लेकर उम्मीद और हौसला दोनों ही सपा को मिला है। सपा प्रमुख अखिलेश ने जीत के बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात व सांसदों से संवाद में जमीन से कनेक्ट रहने के साथ सतर्कता की नसीहत भी दी है। यह नसीहत व्यवहार, भाषा से लेकर सार्वजनिक आचरण तक ये जुड़ी हुई है। दरअसल, भाजपा की कई सीटों पर पिछड़ने की एक वजह उसके सांसदों का घमंडिया व्यवहार और जनता से उनकी दूरी थी। अखिलेश इस बीमारी को अपनी पार्टी में नहीं पनपन देना चाहते। सोशल मीडिया के दौर में हर वायरल विडियो–ऑडियों भी पार्टी व प्रत्याशी का परसेप्शन बनाते–बिगाड़ते हैं। सपा ने सरकार और विपक्ष में रहते हुए इसका खूब नुकसान झेला है। 2012 में अखिलेश के सीएम की शपथ लेने के दौरान कार्यकर्ताओं के हंगामे से बनी अवधारणा न केवल सरकार में पार्टी के लिए मुसीबत बना था, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी कानून–व्यवस्था को भाजपा ने सबसे बड़ा मुद्दा बनाकर बाजी पलट दी थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं और पार्टी के कोर वोटरों के अति उत्साह और प्रतिक्रिया कि चलते हुए सामाजिक ध्रुवीकरण का नुकसान उठाना पड़ा था। लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच भी अखिलेश ने कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग की बात कही थी। सपा के एक वरिष्ठ नेता के अुनसार सांसद, पदाधिकारी, कार्यकर्ता सबसे अखिलेश सतर्क रहने कह रहे है। जिससे पार्टी सरकार से जवाब मांगने की जगह अपनों को ही लेकर सवालों में न उलझे। इस बार के आम चुनाव में एक बात और खास हुई सपा प्रमुख ने मुस्लिम–यादव कोर वोटरों तक ही सीमित पार्टी के टैग को पीडए के प्रयोग से तोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में जहां गैर यादव ओबीसी वोट का विस्तार किया था, लोकसभा चुनाव में दलित वोटों में पार्टी ने खूब सेंध लगाई है। 1993 में बसपा के साथ हुए गठबंधन के बाद यह पहली बार है, जब सपा की ओर इतने बड़े पैमाने पर दलित वोट शिफ्ट हुए है। यहां तक कि 2019 में मायावती के साथ आने के बाद भी दलित वोटों में बिखराव के कयास लगे थे और नतीजे भाजपा के पक्ष में गए थे। लेकिन इस बार आरक्षण संविधान जैसे मसलों को उठाने के साथ ही भागीदारी बढ़कार अखिलेश दलित वोटरों को जोड़ने में सफल रहे। अब पार्टी की सारी कवायद इस साथ को बरकरार रखने की है। इसलिए सड़क से सदन पार्टी उनसे जुड़े मुद्दों को आक्रामक ढंग से उठाने की रणनीति पर काम कर रही है। जमीन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को भी दलित समाज के नेताओं व समाज में प्रभावी लोगों से समन्वय ठीक रखने को कहा गया है। संगठन से लेकर सदन तक पार्टी के दलित समाज के चेहरे इस बार अधिक मुखर दिखेंगे, जिससे साथी स्थायी बन सके।

खैर, यह तो सच है कि अखिलेश के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले ने उत्तर प्रदेश में बड़ा काम किया। 37 सीटें जीतकर सपा प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। सपा पीडीए की जुटान को सामाजिक एकजुटता का सकारात्मक आंदोलन मान रही है। यही कारण है कि पार्टी पीडीए की एकजुटता व जोश वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव तक कम नहीं होने देना चाहती है। सपा 2027 को लक्ष्य बनाकर पीडीए को और धार देगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, समता–समानता, सौहार्द की रक्षा जैसे मुद्दों पर भी लगातार भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। पीडीए के सहारे इस बार सपा को सर्वाधिक 37 सीटों के साथ ही 33.59 प्रतिशत वोट मिले हैं। इससे पहले वर्ष 2004 में उसे सबसे अधिक 35 सीटें मिली थीं उस समय उसे मात्र 26.74 प्रतिशत ही मत मिले थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी उसे 32 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार सपा ने पीडीए के जरिए जातियों का ऐसा तानाबाना बुना जिसकी काट भाजपा भी नहीं कर पाई। वहीं बीजेपी के कुछ सूत्र यह मानने को तैयार नहीं है कि समाजवादी पार्टी को पीडीए के चलते इतनी बढ़ी कामयाबी मिली है।बल्कि इसके उलट बीजेपी के नेता कहते हैं कि अबकी से हम टिकट वितरण सही से नहीं कर पाये,जिसके खामियाजे के रूप में सपा के सिर जीत का सेहरा बंध गया।करीब ढाई दर्जन सांसदों के टिकट काटे जाने थे,सबको पता था कि जनता इनसे नाराज है,लेकिन पार्टी में बगावत या सामाजिक समीकरण खराब नहीं हो जाये जायें,इसलिए सबको टिकट थमा दिया गया,जो बीजेपी के लिये आत्मघाती साबित हुआ।

# बाल–श्रम की अंधी गलियों में बेहाल बचपन कब तक?



ललित गर्ग

पूरी दुनिया में बाल श्रम एक ज्वलंत समस्या है, कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध एवं बाल श्रम की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पहल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने की थी, जिसका मकसद बाल श्रम को रोकना था। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2024 की आधिकारिक थीम है– ‘आइए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें–बाल श्रम समाप्त करें!’ यह दिन जागरूकता बढ़ाने, परिवर्तन की वकालत करने तथा बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

मालूम हो कि इसको मनाने के पीछे एक खास वजह यह थी कि बच्चों को मजदूरी न कराकर उनको स्कूलों की ओर शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। मालूम हो कि बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज बाल श्रम के कारण नशे, अपराध एवं जटिलताओं की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 12–14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते, गारा उठाते, या खाना परोसते देखते हैं और जरा–सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने–पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर ‘हमें क्या लेना है’ या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे।

बचपन से जुड़ी इस त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों पर नियंत्रण के लिये, बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, पिछले दो दशकों से पूरी दुनिया में बाल श्रम को कम करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों के दौरान संघर्षों, संकटों और कोरोना महामारी ने विश्व में कई परिवारों को गरीबी में धकेल दिया है, जिसके कारण लाखों बच्चों को बाल श्रम के लिए मजबूर होना पड़ा



है। आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रूझान व अभिरूचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। आज दुनिया में 160 मिलियन बच्चे अभी भी बाल श्रम में लगे हुए हैं। यह दुनिया भर में लगभग दस में से एक बच्चा है। बाल श्रम के मामले में अफ्रीका सभी क्षेत्रों में सबसे ऊपर है। अफ्रीका और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दुनिया भर में बाल श्रम में लगे हर दस बच्चों में से लगभग नौ बच्चे बाल–श्रमिक हैं। शेष बाल श्रमिक आबादी अमेरिका (11 मिलियन), यूरोप और मध्य एशिया (6 मिलियन) और अरब राज्यों (1 मिलियन) में विभाजित है। जबकि बाल श्रम में बच्चों का प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में सबसे अधिक है, वास्तव में उनकी संख्या मध्यम आय वाले देशों में अधिक है। निम्न–मध्यम आय वाले देशों में 9 प्रतिशत बच्चे और उच्च–मध्यम आय वाले देशों में 7 प्रतिशत बच्चे बाल श्रम में हैं।

पिछले कुछ वर्षों में बाल श्रम को कम करने में बहुत प्रगति हुई है, हाल के वर्षों में वैश्विक रुझान उलट गए हैं और अब पहले से कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने की दिशा में कार्रवाई में तेजी लाने के लिए मिलकर काम किया जाए। 2022 में बाल श्रम के उन्मूलन पर 5वें वैश्विक सम्मेलन के बाद प्रतिनिधियों द्वारा अपनाई गई डरबन कॉल टू एक्शन रास्ता दिखाती है। अब बाल श्रम के उन्मूलन को वास्तविकता बनाने का समय आ गया है। मालूम हो कि बाल श्रम का प्रमुख कारण गरीबी है, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई छोड़कर मजबूरी में मजदूरी का रास्ता चुनना पड़ता है। हालांकि, कई बच्चों को अपराध रैकेट द्वारा बाल श्रम के लिए मजबूर किया जाता है। भारत की बात करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार तो लगभग 5 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। इन बाल श्रमिकों में से 19 प्रतिशत के लगभग घरेलू नौकर हैं, ग्रामीण और असंगठित क्षेत्रों में तथा कृषि क्षेत्र से लगभग 80 प्रतिशत जुड़े हुए हैं। शेष अन्य क्षेत्रों में, बच्चों के अभिभावक ही बहुत थोड़े पैसों में उनको ऐसे ठेकेदारों के हाथ बेच देते हैं जो अपनी व्यवस्था के अनुसार उनको होटलों, कोठियों तथा अन्य कारखानों आदि में काम पर लगा देते हैं। उनके नियोक्ता बच्चों को थोड़ा सा खाना देकर मनमाना काम कराते हैं। 18 घंटे या उससे भी अधिक काम करना, आधे पेट भोजन और मनमाफिक काम न होने पर पिटाई यही उनका जीवन बन जाता है। केवल घर का काम नहीं इन बालश्रमिकों को पटाखे बनाना, कालीन बुनना, वेल्डिंग करना, ताले बनाना, पीतल उद्योग में काम करना, कांच उद्योग, हीरा उद्योग, माचिस, बीड़ी बनाना, खेतों में काम करना (बैल की तरह), कोयले की खानों में, पत्थर खदानों में, सीमेंट उद्योग, दवा उद्योग में तथा होटलों व ढाबों में झूठे बर्तन धोना आदि सभी काम मालिक की मर्जी के अनुसार करने होते हैं। इन समस्त कार्यो के अतिरिक्त कूड़ा बीनना, पोलीथिन की गंदी थैलियाँ चुनना, आदि अनेक कार्य हैं जहाँ ये बच्चे अपने बचपन को नहीं जीते, नरक भुगतते हैं परिवार का पेट पालते हैं। इनके बचपन के लिए न माँ की लोरियां हैं न पिता का दुलार, न खिलौने हैं, न स्कूल न बालदिवस। इनकी दुनिया सीमित है तो बस काम काम और काम, धीरे धीरे बीड़ी के अधजले टुकड़े उठाकर धुआं उडाना, यौन शोषण को खेल मानना इनकी नियति बन जाती है। इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं? बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड फंड, केयर इंडिया, तलाश एसोसिएशन, चाइल्ड राइट्स और ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर आदि संस्थाओं ने बाल श्रम खत्म करने की दिशा में सार्थक पहल की है।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई–लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे?

इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और बाल–श्रमिक एवं अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। ऐसा न हो इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ–सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा–पूरा वातावरण पैदा किया जाए। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और भटकते राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है।

## पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक का हुआ विधिवत आयोजन

# पंचायत संस्थाओं के कार्यों एवं गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग पोर्टल से की जाए: सुधांशु पंत (मुख्य सचिव)

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि पंचायती राज विभाग आमजन के जीवन को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाला विभाग है। ऐसे में यह जरुरी है कि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदेश की अधिक से अधिक जनता तक पहुँच सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत संस्थाओं के कार्यों एवं गतिविधियों की पोर्टल के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए और विभाग की अधिकाधिक जानकारी एवं सूचनाएं पोर्टल पर समय-समय पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा योजना के माध्यम से प्रदेश के जरूरतमंद एवं गरीब तबके के लोगों को राज्य सरकार रियायती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि अन्नपूर्णा योजना (ग्रामीण) के तहत संचालित रसोइयों का अधिकारी नियमित रूप से निरिक्षण करें ताकि भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत परोसी जाने वाली थाली में अन्न(मिलेट्स) को जोड़कर भोजन को स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुरूप किया गया है।मुख्य सचिव सुधांश पंत सोमवार को शासन सचिवालय में



पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में जल संग्रहण के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' के अंतर्गत होने वाले कार्यों को निर्धारित समय में क्रियान्वित किया जाए। पंत ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मचारी-अधिकारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण को ऑनलाइन भी किया जाए एवं मिशन कर्मयोगी के द्वलहझ प्लेटफार्म के कोर्स मॉडयूल में अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की सुशासन की नीति की पालना में अधिकारी अपने ई-फाइलिंग के औसत निस्तारण समय में और सुधार करें। पंत ने स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के कार्यों का मासिक लक्ष्य बनाकर पूरा किया जाए और इसी आधार पर योजना की मॉनिटरिंग भी की जाए।

मुख्य सचिव ने बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि हमें अपने आस पास हो रहे नवाचारों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपनाने को हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने विभागीय भर्ती प्रकिया एवं डीपीसी स्टेटस के बारे में भी जानकारी ली। पंत ने विभाग के विधानसभा में लंबित प्रकरणों के साथ ही संपर्क पोर्टल पर शिकायतों एवं 'की परफॉरमेंस इंडीकेटर्स' सहित अन्य विषयों की समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान समय में डिजिटलीकरण की मांग को देखते हुए ई-पंचायत मॉडयूल में कार्यों के विवरण के अतिरिक्त पंचायत बैठकें, सभाएं एवं निरीक्षण जानकारी जैसी जरुरी सूचनाओं को भी अपडेट करने का सुझाव दिया, जिससे विभाग की सभी महत्वपूर्ण जानकारी एक सिंगल क्लिक पर उपलब्ध हो सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने पर दौसा में भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**चमकता राजस्थान। दौसा** – नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ग्रहण करने की खुशी में दौसा में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस मौके पर उन्होंने पटाखे चलाए और मिठाई बांटी। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उर्मिला जोशी और अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष उर्मिला जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने पर भाजपा महिला कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री मूर्ति मीणा, जिला उपाध्यक्ष उर्मिला जोशी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सपना मीणा, सरोज मीणा, कलावती गुप्ता, शशि जोशी, कल्पना जांगिड़, कल्पना गोस्वामी, नेहा शर्मा, और पूजा गोस्वामी सहित कई महिलाओं ने अपनी खुशी व्यक्त की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष उर्मिला जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में हमने पटाखे चलाए और मिठाई बांटी। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है और हमें पूरा विश्वास है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेगा। इस खुशी के मौके पर महिला कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उनके तीसरे कार्यकाल को एक स्वर्णिम काल बताते हुए देश के विकास की उम्मीद जताई। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री मूर्ति मीणा ने कहा कि मोदी जी का तीसरा कार्यकाल निश्चित रूप से भारत को और अधिक मजबूत बनाएगा। हम सब को उनकी नीतियों पर गर्व है और हम उनके नेतृत्व में देश को नई ऊंचाइयों पर देखने के लिए उत्साहित हैं। दौसा में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं द्वारा मनाए गए इस उत्सव से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को लेकर उनकी आशाएं और उम्मीदें बहुत ऊंची हैं।

### उदयपुरवाटी में एसएफआई ने राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)।** छात्रसंगठन एसएफआई तहसील कमेटी ने तत्कालीन नीट ठएएळ ( PMT ) परीक्षा हुई भ्रष्टाचार को लेकर छात्र संगठन एसएफआई ने विरोध प्रदर्शन करके भारत के राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा ' ज्ञापन में बताया गया कि 4 जून को NEET ( UG) परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई शिखर के सामने आ रही है जो (NTA) के परीक्षा परिणाम संचालित की प्रदूषण पर सवाल उठ रहे हैं एक केंद्रीकृत संस्था NTA नीट जैसे प्रवेश परीक्षा में इसी तरह का को कुप्रबंधन होना चिंतनीय है ' मोदी सरकार मे जिस तरह से NMC और NTA मिलकर मेडिकल शिक्षा का निजीकरण कर रही है वही देश के भविष्य के लिए खतरनाक है ' मेडिकल क्षेत्र में राज्य आधारित संयुक्त प्रवेश परीक्षा प्रणाली को बदलने के लिए अंतहीन भ्रष्टाचार का तर्क था अब यही अतंहीन भ्रष्टाचार का आरोप है NEET (UG) को लेकर सामने आ रही है NTA ने एक बयान में लापरवाही से कहाँ हैं कि इस साल का रिजल्ट में ग्रेस मार्किंग भी हुई है ' लेकिन इस साल का परीक्षा से पहले NTA द्वारा प्रकाशित दर्शन निधि दशानिर्देशों मे कहीं भी किस योजना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है ' छात्र संगठन एसएफआई मांग करता है इस घटना की तत्कालीन परदेशिता और निरपेक्ष जांच की NTA को खत्म करने और उसके अब तक के सभी घोटालों की जांच करने की मांग करते हैं तहसील अध्यक्ष कैलाश सुईवाल तहसील महासचिव अंकित कांटीवाल तहसील उपाध्यक्ष भरत कुमावत, कैलाश तँवर, श्री राम सैनी, DYFI के सुनिल तँवर,जयराम, संदीप, सचिन आदी मौजूद रहे।

## धरती के बढ़ते तापमान को रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगायें : पंचायती राज मंत्री

### वृक्षों को देवस्वरूप मानकर उनका संरक्षण अतिआवश्यक और हमें छायादार औषधीय लगाना चाहिए : विधायक बालमुकुंदाचार्य



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर पर्यावरण एवं गौ रक्षा संरक्षणार्थ संतों एवं मद्धागवताचार्य विद्वानों के सम्मेलन का शुभारंभ किया। 'चायती राज मंत्री ने सर्वप्रथम उपस्थित संतों एवं विद्वानों को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।उन्होंने कहा कि धरती माता का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह हम सबके लिए खतरे की घंटी है। अभी भी नहीं चेते तो संकट में पड़ जायेंगे। भारत माता बहुत दुखी है इस दुःख को हम सभी को समझना चाहिए। इस धरती पर पेड़ ही हमें बचा सकते हैं। पेड़ों से प्राणवायु, शीतलता व वर्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें माँ अमृता देवी के बलिदान को आत्मसात करना चाहिए इनके नेतृत्व में 363लोगों ने बलिदान दिया लेकिन पेड़ काटने नहीं दिया। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि संत एवं गुरुजन भी अपने प्रवचनों में अनुयायियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें।

यह जनता का काम है। अब यह जन आंदोलन बन गया है। विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को भी कहा गया है कि जितने आपके परिवार में सदस्य हैं उतने पेड़ अवश्य लगाएं। विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने कहा कि देवी देवताओं के स्वरूप के रूप में पूजे जाने वाले, औषधीय एवं छायादार वृक्ष लगाने के लिए जोर दिया प्रत्येक व्यक्ति 21 वृक्ष अवश्य लगाएं। सम्मेलन में हवामहल विधायक एवं हाथोज धाम महंत बालमुकुन्दाचार्य गोविंददेवजी मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने दिलावर एवं उपस्थित विद्वानों को सम्मानित किया ।दिलावर ने इस अवसर पर एक पेड़ भी लगाया इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित संतों ने मंत्री महोदय को अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी )जयपुर प्रथम। 10 जून ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवशयक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देशय से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देशय गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

## पार्किंग एवं यातायात समस्या को लेकर टीसीबी में हुआ मंथन

# जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रैफिक कन्ट्रोल बोर्ड की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई

### यातायात, पार्किंग, अतिक्रमण पर जेडीए, नगर निगम एवं यातायात पुलिस करेगी नियमित निगरानी

- बीआरटीएस की उपयोगिता के लिए कंसलटेंट एजेंसी से करवाया जायेगा परीक्षण
- 150 ई-बसे खरीदी जायेंगी

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 जून। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये। ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक का आयोजन प्रत्येक माह में किया जायेगा। बैठक में जयपुर कलक्टर, आयुक्त नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हैरिटेज जयपुर, डीसीपी ट्रेफिक, मेट्रो परियोजना, जेएमआरसी, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, आरएसआरटीसी, जेडीए सचिव, स्मार्ट सिटी, टेजफिक पुलिस, जेसीटीएसएल, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, जेवीएलएन से संबंधित अधिकारीगण एवं जेडीए के अभियांत्रिकी निदेशक-प्रथम एवं द्वितीय, मुस्कान एनजीओ



के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में परिवहन विभाग को 15 वर्ष से अधिक पुराने कमर्षियल वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही में गति लाने के लिए कहा गया। बैठक में बताया कि गया कि इस माह 400-500 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को जब्त करने का लक्ष्य रखा गया है ।बैठक में बताया गया कि बीआरटीएस कॉरिडोर की उपयोगित की जाचं हेतु कंसलटेंसी एजेंसी को कार्यादेश जारी किया जायेगा। बैठक में निदेशक -जेसीटीएसएल द्वारा बताया गया कि लगभग 150 ई-बसें क्रय की जायेंगी। जिन्होंने विभिन्न रूटों पर भी चलाया जायेगा। बैठक में ट्रेफिक पुलिस द्वारा शहर में लगभग 101 चौराहों/तिराहों पर पी-यू रोड फेंस स्थापित करवाये जाने हेतु कहा गया। उन्होंने बताया कि इसके उपयोग से वाहन चालकों को फ्री-लेफ्ट सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकेगी। बैठक में निर्णय लिया गया प्रथम चरण में 10 स्थानों पर पी-यू रोड फेंस स्थापित किये जायेंगे ।बैठक में बताया गया कि ट्रेफिक पुलिस द्वारा अभय कमांड एवं यातायात नियंत्रण कक्ष हेतु जमीन आवंटन एवं जब्तशुदा वाहनों को रखने हेतु जमीन आवंटन का प्रस्ताव जेडीए को दिया जायेगा। जेडीए द्वारा कलेक्ट्री सर्किल पर अण्डरग्राउण्ड पार्किंग हेतु तकनीकी परीक्षण करवाया जायेगा। रामनिवास बाग जेडीए भूमिगत पार्किंग से चारदीवारी में शटल बस सर्विस हेतु जेसीटीएसएल को निर्देषित किया गया। बैठक में बताया गया कि नगर निगम हैरीटेज द्वारा बिना पार्किंग के संचालित 24 मैरीज गार्डनों को सस्पेंशन नोटिस जारी किये गये एवं नगर निगम ग्रेटर द्वारा संचालित 1 मैरीज गार्डन एवं अपंजीकृत 12 मैरीज गार्डनों को सस्पेंशन नोटिस जारी किये गये।

बैठक में बताया गया कि मध्यम मार्ग एवं शिप्रापथ पर ट्रेफिक सिग्नल लगाये जाकर ट्रेफिक व्यवस्था को सुदृढ किया जायेगा। बोटल नेक के 15 चिन्हित स्थानों पर यातायात समस्या के निराकरण हेतु अन्य विभागों द्वारा ट्रेफिक पुलिस से समन्वय कर यातायात समस्या का निस्तारण किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि जेडीए एवं नगर निगम द्वारा जयपुर शहर को अतिक्रमण मुक्त करवाने के क्रम में मुख्य सडकों एवं स्थानों पर अभियान चलाया जाकर संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। बैठक में 9 स्थानों पर ट्रेफिक सिग्नल लगाने, 9 स्थानों से अस्थाई/स्थाई अतिक्रमणों हटाये जायेंगे, 14 स्थानों पर नो - पार्किंग के बोर्ड लगवाने एवं 29 स्थानों पर जेब्रा व स्टॉप लाईन व सफेद पट्टी डलवाये जाने के निर्देष दिये गये। जेडीसी ने निर्देश दिये कि जेडीए, नगर निगम एवं यातायात पुलिस सहित अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय कर संयुक्त रूप से यातायात, पार्किंग, अतिक्रमण इत्यादि की नियमित रूप से निगरानी की जाये।

# हज यात्रा 2024: भारतीय हज यात्रियों की आखिरी उड़ान 10 जून को कन्नूर और चेन्नई से मक्का पहुंची

चमकता राजस्थान

**जयपुर/नई दिल्ली (खलील कुरैशी-)।** हज 2024 के लिए भारतीय हज यात्रियों की आखिरी उड़ान कन्नूर और चेन्नई से मक्का पहुंच गईं। जबकि मुंबई, अहमदाबाद, कालीकट, से आखिरी उड़ानें 9 जून को रवाना हुईं। याद रहे कि भारतीय हज यात्रियों की पहली उड़ान 8 मई को हैदराबाद से रवाना हुई थी। इस प्रकार 34 दिनों में 471 उड़ानों से 1,39,962 भारतीय हज यात्री सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का पहुंच चुके हैं। जिन की सेवा के लिए भारतीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी आफ़ इंडिया द्वारा भेजे गए 1238 डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, कॉरडिनेटर, सहायक हज अधिकारी, हज सहायक और खादिम - उल -हुज्जाज मोजूद हैं।






इसके अलावा, भारतीय दूतावास और सी. जी. आई के कर्मचारी भी चौबीसों घंटे हज यात्रियों की सेवा में लगे हुए हैं। हज कमेटी आफ़ इंडिया के सी, ई, ओ और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में निदेशक डॉ. लियाकत अली अफ़ाक़ी आई. आर. एस, जो वर्तमान में सभी एंबार्गेशन प्वाइंट के प्रदर्शन कि बारीकी से निगरानी कर रहे हैं, ने कहा कि हज 2024 को सुविधाओं से भरपूर और सुगम बनाने के लिए भारतीय हज कमेटी ने हर स्तर पर शुरुआती प्रयास किए हैं। जिसका नतीजा ये हुआ कि भारत से सऊदी अरब तक की पूरी हज यात्रा के दौरान एक-दो आकस्मिक दुर्घटनाओं को छोड़कर किसी भी हज यात्री को कोई परेशानी नहीं हुई, डॉ. अफ़ाक़ी ने बताया कि हज 2024 एक आदर्श हज है, जैसा कि आधार हज यात्रियों की संतुष्टि है।हज 2024 का सबसे बड़ा एंबार्गेशनप्वाइंट मुंबई था, जहां से महाराष्ट्र के साथ अन्य राज्यों के लगभग 33,000 हज यात्री रवाना हुए, जिन्हें उनके राज्यों द्वारा एकजुट होकर भेजा गया।मुंबई एंबार्गेशन प्वाइंट का नेतृत्व और पर्यवेक्षण विशेष रूप से हज कमेटी आफ़ इंडिया के सी. ई. ओ. डॉ. लियाकत अली अफ़ाक़ी,आई. आर. एस और डिप्टी सी,ई,ओ नज़ीम अहमद, आई,ओ,एफ, एस ने मुंबई हज हाउस और मुंबई हवाई अड्डे पर मौजूद रह कर किया।यहां हज कमेटी आफ़ इंडिया के लगभग 200 अधिकारी, कर्मचारी और सेवाकर्मी संगठनों के 150 सेवक हज हाउस से हवाई अड्डे तक उड़ान बुकिंग, टिकट, पासपोर्ट का वितरण, हज हाउस में हज यात्रियों के आवास, ट्रकों में सामान की लोडिंग और अनलोडिंग, हज यात्रियों को बस से लेजाने और अन्य सेवाएँ करने में व्यस्त रहते हैं।इस वर्ष हज यात्रियों के ठहरने के लिए हज हाउस के साथ-साथ तमिलनाडु हज हाउस, कर्नाटक हज हाउस, मुस्लिम मुसाफिर खाना और अंजुमन में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ आवास की व्यवस्था की गई थी, जहां लगभग 20 से 22 हजार हजयात्री रुके थे। हज यात्रियों और उनके सामान को हवाई अड्डे तक पहुंचाने के लिए ३०० से अधिक बस और १५० ट्रक का उपयोग किया गया। गौरतलब है कि मुंबई एयरपोर्ट पर 54 स्टाफ सदस्यों और 45 स्वयंसेवकों को एयरपोर्ट पास दिए गए हैं, जो हर उड़ान पर हज यात्रियों की देखभाल और सेवा करने के लिए मौजूद रहे। डॉ. लियाकत अली अफ़ाक़ी,आईआरएस,सी, ई, ओ। हज कमेटी आफ़ इंडिया ने मुंबई के साथ-साथ गुवाहाटी, लखनऊ और दिल्ली हज एंबार्गेशन प्वाइंट, हज कार्यालय और हवाई अड्डे पर सभी हज मामलों की समीक्षा की और हज यात्रियों को दुआओं के साथ विदा किया। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी, पी, एस, बख्शी भी पूरी दिलचस्पी के साथ हज के मामलों पर नजर रखे हुए थे. आप श्रीनगर पहुंचे और हज यात्रियों को सुन्दर शुभकामनाओं के साथ विदा किया।हज 2024 में पिछले वर्षों की तुलना में हज यात्रियों को उड़ान बुकिंग में सुविधा दी गई है। जिन हज यात्रियों ने ऑनलाइन बुकिंग की थी, उन्होंने उड़ान से छह घंटे पहले हवाई अड्डे पर अपना पासपोर्ट प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर तीन -दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन

- धौलपुर जिले के पुलिस जवानों के लिए लगाया गया चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर ।** चुनाव खत्म होने के बाद धौलपुर जिले में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। 3 दिन तक चलने वाले पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत सोमवार को मेडिकल कैंप से हुई। पुलिस और आरएसी के जवानों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप को लेकर आरएसी के डिप्टी कमांडेंट सुरेश सांखला ने बताया कि पुलिसकर्मियों की जांच के लिए डॉक्टर परमेश पाठक के नेतृत्व में दिल्ली और धौलपुर के डॉक्टरों की टीम के साथ बोन डेंसिटी, डेंटल, गायनी और आंखों की समस्या के लिए कैंप लगाया गया। मेडिकल कैंप के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एसपी सुमित मेहरड़ा और जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर विजय सिंह ने बताया कि भाग दौड़ भरी जिंदगी में पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जवानों के लिए लगाया गया मेडिकल कैंप राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू आवश्यकता है। जिसको देखते हुए तीन दिन तक अलग-अलग एक्टिविटी का आयोजन किया जाएगा।पहले दिन मेडिकल कैंप के बाद दूसरे दिन एसएमएस के डॉक्टर दिनेश गौड़ द्वारा फर्स्ट एड और बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी दी जाएगी। सोमवार को फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर एकलव्य यादव के नेतृत्व में दिल्ली से बोन डेंसिटी की जांच के लिए रेडियोलॉजिस्ट जॉनी के नेतृत्व में एक टीम बुलाई गई। जिसने डेढ़ सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की जांच की। इसके अलावा डॉक्टर टोनी पाठक ने गायनी और डॉक्टर अरुण शर्मा ने आंख की समस्या से पीड़ित पुलिसकर्मियों का इलाज किया। कैंप के संयोजक डॉक्टर परमेश पाठक ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर अगले दो दिन अलग- अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### हनीट्रैप के चलते युवक को देनी अपने प्राणों की आहुति, की सुसाइड

- मां-बेटी ने जबरदस्ती बनाए अवैध संबंध, सुसाइड नोट में लिख युवक ने कर ली खुदकुशी

**चमकता राजस्थान। दौसा।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी कस्बे की एक होटल में सोमवार एक स्थानीय युवक ने सुसाइड कर लिया। मामले की सूचना के बाद मौके पहुंची मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। साथ ही कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें मृतक ने 4 महिलाओं सहित 11 लोगों पर उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपए ऐंठने का आरोप लगाया है। ऐसे में पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस के अनुसार सुसाइड से पहले युवक ने सुसाइड नोट में कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार युवक रविवार रात को गेस्ट हाउस के कमरे में सोने चला गया था। इसके बाद सोमवार को उसने कमरे में खुदकुशी कर ली। इस बीच जब सुबह गेस्ट हाउस का स्टॉफ वहां गया तो कमरा अंदर से बंद था। वहीं, काफी आवाज देने के बाद भी जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो किसी अनहोनी का अंदेशा हुआ। इस पर खिड़की से कमरे में देखने पर अंतेश तिवारी (32) पुत्र बद्री प्रसाद निवासी नांदरी मृत पड़ा नजर आया। इसके बाद सुबह करीब 8 बजे पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गेट तोड़कर शव को कमरे से बाहर निकाला और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। 15 पन्नों का सुसाइड नोट मृतक युवक के पास से पुलिसको 15 पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें युवक ने चार महिलाओं समेत कुल 11 लोगों को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी इंतजाम एवं तैयारियां सुनिश्चित रखने के दिये निर्देश

# आगामी मानसून सीजन में आपदा प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा संवेदनशील

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला कलक्टर ने बाढ़ नियंत्रण के लिए नियुक्त किये इन्सीडेन्ट कमाण्डर

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 जून।** आगामी मानसून सत्र के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संवेदनशील हैं। आपदा से निपटपने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को मुस्तैदी बरतने एवं आवश्यक इंतजामों के साथ साथ जरूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एवं जल भराव के क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए इन्सीडेन्ट कमाण्डर की नियुक्ति की है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जयपुर के शहरी क्षेत्र में 9 इन्सीडेन्ट कमाण्डर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपखण्ड अधिकारियों को इन्सीडेन्ट कमाण्डर की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्सीडेन्ट कमाण्डर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करेंगे।जयपुर महानगर में इन्सीडेन्ट कमाण्डर नगर निगम जयपुर हैरिटेज/ग्रेटर एवं जयपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय कर संसाधनों का आंकलन करना एवं बाढ़ की स्थिति में राहत गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल भराव की स्थिति में जल निकासी का प्रबंध करना, प्रभावित इलाकों में आवश्यक दवाईयों का छिड़काव करना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्यालय भवन, सामुदायिक भवन, आश्रय स्थल एवं पुनर्वास हेतु भवनों को चिन्हित करना एवं प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित करवाना इन्सीडेन्ट कमाण्डर्स की जिम्मेदारी होगी। बाढ़ की स्थिति में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं सेना के समन्वय कर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करेंगे। मानसून के मद्देनजर जयपुर शहर उत्तर, दक्षिण क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर उत्तर, पूर्व एवं दक्षिण को एवं समस्त उपखंड अधिकारियों को उनके उपखण्ड क्षेत्र में आपदा प्रबंधन हेतु समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।नियुक्त अधिकारी वर्षा काल के दौरान अत्यन्त आवश्यक होने पर ही रोड कट की अनुमति अपने-अपने क्षेत्र में जारी करेंगे। साथ ही रोड कट की अनुमति की प्रति संबंधित थाने को भी भिजवाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रोडकट के बाद पुनः भराव करवाया गया है या नहीं। साथ ही मानसून के दौरान सभी प्रभारी अधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय रखते हुए मौके पर आवश्यक कार्यवाही त्वरित एवं समयबद्ध रूप से संपादित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।



### अतिरिक्त जिला कलक्टर्स को बनाया गया प्रभारी अधिकारी

# इंडियन ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा विश्व शांति और अध्यात्म संगोष्ठी की गूंज दुबई में

## मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी जी महाराज का किया भव्य स्वागत




चमकता राजस्थान

**जयपुर/ दुबई 10 जून।** इंडियन ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा दुबई में अध्यात्म की वृद्ध चर्चा हुई। जिसमें दुबई के प्रमुख शेख और अप्रवासी भारतीय जो कि अलग अलग राज्यों का प्रतिनिधित्व करते है, ने भाग लिया। इस परिचर्चा में अप्रवासी भारतीय जिन्होने ने अपनी मेहनत के बल पर ना केवल दुबई में वरन यूएई में अपनी अगल पहचान बनाई है। ऐसी प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया।इंडियन ग्लोबल फाउंडेशन दुबई चैप्टर के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेहंदीपुर बालाजी के महंत श्री नरेश पुरी जी महाराज और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहंदीपुर बालाजी के महंत श्री नरेश पुरी जी महाराज ने कहा कि ''वसुधैव कुटुम्बकम'' भारत के चिंतन का आधार है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य विश्व में श्री बालाजी महाराज की चमत्कारी शक्तियों से जनमानस को लाभ पहुंचाना है। इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगो से श्री बालाजी महाराज के चरित्र को पढने और मनन करने का आग्रह किया और अप्रवासी भारतीयों को मेहंदीपुर बालाजी मे आकर आशीर्वाद लेने के लिये कहा। सबसे अच्छी बात यह रही कि सभी शेख बालाजी दर्शन करने आयेंगें। नवीन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में दुबई के शेख मिर्जा अल सईघ, मोहम्मद अल सईघ, याकूब अल अली, अहमद अल अवधी रूकनी, मखतूम अल मरजूकी ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर शेख मिर्जा अल सईघ ने कहा कि दुबई के सभी भारतीय हमारे भाई है। जिनकी वजह से आज दुबई का विकास हुआ है। इसके साथ ही उन्होने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होने बताया कि दुबई धर्मनिरपेक्षता पर काम कर रहा है जिससे की यहां सभी धर्मो के लोग बडी संख्या में रहते है। उन्होंने भारतीयों से आग्रह किया की दुबई के लिये दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं ।

इस अवसर पर मारवाडी युवा मंच के रविंद्र अग्रवाल, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट इंडिया दुबई चैप्टर के चेयरमैन राजेश सोमानी, वाईस चेयरमैन जय अग्रवाल, कमेटी मेंटर अमित खेतान, टैक्सेशन सोसायटी के चेयरमैन निमिश मकवान, राजस्थान बिजनेस एंड प्रोफेशनल ग्रुप के चेयरमैन अशोक ओढानी, केशव कोठारी, वाइस प्रेसिडेंट रोमित पुरोहित, इंडियन ब्राह्मण कम्युनिटी के आलोक भार्गव, आईबीपीएस के सदस्य सहित सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये जेएम ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र मतलानी से सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### केंद्रीय कारागृह के कैदी भागवत कथा को जीवन में उतारें, भविष्य में गलती न करें: एएसपी



**चमकता राजस्थान। दौसा।** लायंस क्लब दौसा सिटी के सहयोग से केंद्रीय कारागृह श्यालावास में सत्यप्रकाश मंगल दिल्ली वाले के सानिध्य में चल रही भागवत कथा का समापन किया गया। क्लब के अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता ने बताया कि भागवत कथा में गोवर्धन महाराज द्वारा प्रवचन किए गए। पंडित गोपाल लाल ने यजमानों व पंडितों द्वारा पूर्णाहुति दिलाई। कथा समापन के मुख्य अतिथि एएसपी थे। अध्यक्षता मनोहर लाल गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि जेल अधीक्षक कैलाश सिंह तथा जेलर बिहारी लाल थे। इस अवसर पर एएसपी ने कहा कि कारागृह में कैदी भागवत कथा को अपने जीवन में उतारें व भविष्य में गलती न करें। अपने व अपने परिवार की सुख शांति के लिए अच्छे कार्य करें। अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति 1 मिनट के क्रोध के कारण अपराधी बन जाता है। अपने क्रोध पर संयम रखें अपने व अपने परिवार के सुख के लिए गलती का प्रायश्चित कर जीवन संवारें। क्लब के पूर्व अध्यक्ष हज़ारी लाल गुप्ता, सचिव सुशील कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह राठौड़, संयुक्त सचिव गिर्राज शर्मा, राजेंद्र विजय उपस्थित थे। 7 दिन तक 150 क़ैदियों ने कथा श्रवण कर अपना जीवन सुधारने का संकल्प लिया। लायंस क्लब द्वारा व जेल विभाग द्वारा भागवत कथा करवाने पर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह कल

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजसथान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्षय में मुख्य राज्य स्तरीय समारोह बुधवार, 12 जून को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) परिसर में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री शर्मा समारोह में सेरेमोनियल परेड की सलामी लेंगे तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को पुलिस पदक प्रदान करेंगे पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि आरपीए में यह कार्यक्रम बुधवार को सुबह 7.30 बजे से आरम्भ होगा। आरपीए के परेड ग्राऊंड में आयोजित होने वाली सेरेमोनियल परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी, चतुर्थ एवं पांचवी बटालियन आरएसी, हाड़ी रानी बटालियन, एसडीआरएफ, जीआरपी, एमबीसी एवं ईआरटी की एक-एक प्लाटून के अलावा जयपुर पुलिस आयुक्तालय की तीन प्लाटून (निर्भया स्कवॉड प्लाटून, पुलिसकर्मी प्लाटून और यातायात प्लाटून) सहित कुल 11 प्लाटून भाग लेंगी।



**मुख्यमंत्री लेंगे परेड की सलामी, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्रदान करेंगे**

डीजीपी ने बताया कि इस समारोह के बाद आरपीए में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं बुधवार, 12 जून को शाम 7 बजे से जयपुर में जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर पुलिस बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा, इसमें राजस्थान पुलिस कें सैन्ट्रल बैंड, हाड़ी रानी बटालियन और संयुक्त बैंज (ब्रास बैंड) का डिस्प्ले होगा। राज्य स्तर पर गुरुवार, 13 जून को प्रातः 10 बजे से 11.30 बजे तक जयपुर में आरपीए में पुलिस कार्यों में विधि विज्ञान से जुड़े विषयों पर सेमीनार आयोजित होगा। इसी दिन शाम को आरपीए में सांस्कृतिक संध्या और बड़ा खाना का आयोजन रखा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस दिवस मनाया जाता है। गत 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस थापना के अवसर पर लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मध्यनजर पुलिस मुख्यालय सहित पुलिस आयुक्तालय, पुलिस रेंज, पुलिस जिलों, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान और पुलिस यूनिट्स में केवल औपचारिक कार्यक्रम हुए थे। अब पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्षय में पुलिस मुख्यालय, पुलिस रेंज, पुलिस जिला और पुलिस यूनिट्स में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबर

### अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी बने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री



**चमकता राजस्थान, रघुनन्दन (पारीक श्रीनगर)।** अजमेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भागीरथ चौधरी को मोदी सरकार द्वारा राज्य मंत्री बनाया गया इस दौरान अजमेर के लाखों समर्थक पहुंचे बधाई शुभकामनाए देने, चौधरी ने बताया की भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है 'इसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है, मुझ छोटे से कार्यकर्ता को राज्य कृषि मंत्री बनाया, मैं सच्ची निष्ठा से राज्य सहित देश के किसानों की सेवा करूंगा और प्रधानमंत्री की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा और उन्होंने देश के प्रधानमन्त्री का आभार प्रकट किया।

### ऑपरेशन एंटीवायरस: अलवर पुलिस ने एक साइबर ठग को किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/अलवर (खलील कुरैशी)।** अलवर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना नौगांवा पुलिस ने साइबर फ्रॉड प्रभावित गांव रूपवास में दबिश देकर एक साइबर ठग वसीम अकरम पुत्र इलियास (23) को गिरफ्तार कर ठगी की घटना में प्रयुक्त दो एंड्राइड मोबाइल बरामद किए हैं।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी रेंज के निर्देश पर ऑनलाइन ठगी करने वालों के विरुद्ध ऑपरेशन एंटीवायरस चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ नौगांवा भूपेंद्र सिंह मय टीम द्वारा साइबर ठगी से प्रभावित गांव रूपवास में दबिश देकर आरोपी वसीम अकरम को गिरफ्तार किया है। इसके पास मिले दोनों मोबाइल में साइबर ठगी से संबंधित दस्तावेज पुलिस को मिले हैं गिरफ्तार आरोपी वसीम अकरम विभिन्न तरीकों से साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देता है। फर्जी सिम से सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर आर्मी मैन बन सस्ते में वाहन बेचे तथा पेन पेंसिल के ऐड डालकर लोगों को झांसा देकर ठगी किया करता है। ठगी की रकम फर्जी नंबर से बने विपिन पेमेंट गेटवे पर बने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लेता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को ले बैठक का हुआ आयोजन

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदासतरुण )।** राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 13 जून के सफल आयोजन बैठक का आयोजन अध्यक्ष ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर की अध्यक्षता में किया गया।जिसमें जिला मुख्यालय पर पदस्थापित अधिकारीगण के साथ अध्यक्ष के अवकाशागार में तथा तालुकाओं पर पदस्थापित अधिकारीगण से वर्चुअल माध्यम से मीटिंग आयोजित हुई।मीटिंग के दौरान अध्यक्ष न्यायिक अधिकारियों को लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

## एसिड अटैक के आरोपी को 48 घंटे में जयपुर से किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/अलवर (खलील कुरैशी)।** अलवर जिले के थाना कठूमर क्षेत्र में रात के समय घर में सो रही एक युवती पर एसिड अटैक कर फरार हुए आरोपी जैलेन्द्र उर्फ जोनी जाटव पुत्र खैमी जाटव (25) निवासी लाल दरवाजा थाना बयाना जिला भरतपुर को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मात्र 48 घंटे के अंदर जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है। बात करना बंद करने और शादी करने से मना करने से नाराज हुए आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि घटना जिले के कठूमर थाना इलाके की है। आरोपी जैलेन्द्र उर्फ जोनी जाटव थाना क्षेत्र निवासी एक युवती पर रात के समय एसिड अटैक कर फरार हो गया। एसिड से झुलसी युवती का इलाज कठूमर सीएचसी पर चल रहा है। जिसके बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शुरू की गई।एसपी शर्मा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी की तलाश के लिए एसएचओ संजय शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित विशेष टीम द्वारा आसूचना संकलन, तकनीकी सहायता एवं मुखबिर की मदद से जानकारी एकत्रित कर मात्र 48 घंटे के अंदर आरोपी को जयपुर से दस्तयाब किया। जिसे थाने पर लाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना कठूमर से एसएचओ संजय शर्मा, एएसआई जगदीश प्रसाद, कांस्टेबल महावीर प्रसाद, वीरेंद्र सिंह व तारेश, थाना वैशाली नगर अलवर से कांस्टेबल अजीत सिंह व शेखर एवं साइबर सैल से हैड कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल थे।

## दौसा जिले में डीएसटी व थाना सदर पुलिस की कार्रवाई

### अवैध हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार, तीन अवैध बंदूके जप्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर/दौसा (खलील कुरैशी)।** दौसा जिले की डीएसटी एवं सदर थाना पुलिस की टीम ने अवैध हथियारों के साथ आरोपी किशन उर्फ काना मीना पुत्र श्रवण निवासी घूमना थाना मानपुर हाल नया कुँआ की ढाणी सूरजपुरा थाना सदर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के मकान से पुलिस ने एक 315 बोर, एक 12 बोर व एक टोपीदार बंदूक जब्त की है।एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि पारिवारिक झगड़े में आपसी रंजिश के चलते किशन उर्फ काना मीना ने अपने मकान में हथियार लाकर छुपा रखे हैं। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ सदर सोहनलाल व डीएसटी प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा आरोपी के नया कुँआ की ढाणी सूरजपुरा स्थित मकान पर दबिश दी गई। मकान की तलाशी में तीन अवैध बंदूके मिली। पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर आरोपी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है, जिससे हथियारों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में डीएसटी के कांस्टेबल पन्नालाल एवं बालकेश की विशेष भूमिका रही।



## लो वोल्टेज की समस्या को ले कर आम नागरिक समिति ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

चमकता राजस्थान

**चौमहला (रमेश मोदी)।** कस्बे में वार्ड नंबर 13 सहित विलावली मेन रोड पर विगत कई दिनों से बहुत ही कम वोल्टेज आ रहे है, जिससे फ्रिज के कंप्रेसर, पंखे कुलर खराब हो रहे है जिससे आमजन काफी परेशान है और उनको आर्थिक नुकसान उठाने के अलावा भीषण गर्मी में पंखे पूरी हवा नही फेकने से बीमार हो रहे है इसकी शिकायत नागरिक कई बार सहायक अभियंता कार्यालय में कर चुके है लेकिन समस्या का समाधान नही हो पाया जिसको लेकर आज आम नागरिक समिति चौमहला के नेतृत्व में नागरिको ने वोल्टेज की समस्या को ले कर उपखंड अधिकारी गंगधार को ज्ञापन सोप कर समस्या के शीघ्र निवारण करने की मांग की इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता चौमहला से संपर्क कर जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि एक ट्रांसफॉमर विलावली रोड पर लगाना है जिसकी स्वीकृति भी हो चुकी है ,लेकिन पोल खड़े करने में बाधा आ रही है ,जिसको दूर करने के लिए उपखंड अधिकारी गंगधार को अवगत करवाने हेतु पत्र लिखा है ,बाधा दूर होते ही ट्रांसफार्मर लगा कर लो वोल्टेज का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा।



- **भीषण गर्मी में पंखे तक नही चल पा रहे है**
- **आये दिन फ्रिज ,पंखे ,पानी की मोटर जल रही है**

## नदबई पुलिस ने सरसों चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** थाना पुलिस ने सरसों की बोरी चोरी करने का आरोपी को गिरफ्तार किया है। हुकमसिंह स०उ०नि० ने बताया कि बीते रविवार को गांव नाम निवासी सज्जनसिंह पुत्र बाबूलाल ने उसके कोल्ड स्टोर का जंगला को तोड सरसों की बोरी को चोरी कर ले जाने का एक मामला थाना नदबई में पंजीवद्ध कराया था। उक्त मामले ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विजयपाल उर्फ चिनुआ पुत्र श्रीराम उम्र 32 साल जाति जाट निवासी खेडीदेवीसिंह थाना नदबई को गिरफ्तार किया गया है।



## मगन मीणा ने जन्मदिन पर रक्तदान कर मानवता का दिया अनूठा संदेश

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** बदलते दौर में आजकल के नौजवान जहां अपने जन्मदिन मनाने में हजारों रुपए बेवजह खर्च कर देते हैं। वहीं भुकरावली गांव के एक युवा ने अपने जन्मदिन पर विचारधारा से हटकर काम किया। समाज सेवा में हमेशा आगे रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मगन मीणा भुकरावली एवं ऋषि रिछोली ने सोमवार को अपने जन्मदिन पर महाराजा सूरजमल ब्लड बैंक पहुंचकर 13वीं बार रक्तदान कर लोगों को रक्तदान का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हमें कम से कम जन्मदिन पर वर्ष में एक बार रक्तदान करना ही चाहिए। उन्होंने बताया कि बीते 5 वर्षों से प्रत्येक साल ब्लड दान कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि मेरे कहने पर मेरे अन्य मित्रों ने भी ब्लड डोनेट किया।कहा कि मेरा मानना है कि ब्लड के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान ना जाए,इसके लिए हम सभी लोग मिलकर हमेशा प्रयास करते रहते हैं। मैं हमेशा से समाज सेवा को मानव जीवन का एक अंग मानता हूं। अब तक मैं खुद के अलावा लगभग पांच सौ परिवारों को ब्लड डोनेशन करवा कर उनकी मदद कर चुका हूं इस मौके पर एडवोकेट दिगंबर सिंह मीणा राहुल मीना, हाकिम, सुरेश, गौरव शर्मा, मुकुट बिहारी मौजूद थे।





## जयपुर विकास प्राधिकरण ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर भू-माफियाओं पर कसा कानूनी शिकंजा

# इक्कीस बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

- **तेरह बीघा भूमि पर चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त**

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ग्राम जयसिंहपुरा खोर होटल देवीरतन के सामने करीब 21 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त एवं ग्राम बल्लूपुरा के खसरा नं. 9 में करीब 20 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 13 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल में अवस्थित ग्राम जयसिंहपुरा खोर होटल देवीरतन के सामने, जिला जयपुर के खसरा नं. 504/1, 504/2, 505 जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण करने पर पूर्व में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई थी। उक्त सरकारी भूमि में ही करीब 21 बीघा भूमि पर पुनः कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण किये जोन की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल में अवस्थित ग्राम बल्लूपुरा, जिला जयपुर के खसरा नं. 9 जेडीए स्वामित्व की करीब 20 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण करने पर पूर्व में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई थी। उक्त सरकारी भूमि पर पुनः कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण किये जोन की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 11, 03 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।







जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिलवा कलां में राधा स्वामी सत्संग व्यास के पीछे, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मथुरावाला के पास, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कीलकीपुरा में शिवदासपुरा जाने वाली रोड़ पर जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पदमपुरा रोड़, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''शिव शक्ति नगर''के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## एक नजर

### इजराइल ने चार बंधकों को हमास से भीषण लड़ाई में मुक्त कराया



**यरुशलम।** इजराइल के सुरक्षाबलों ने पिछले साल अक्टूबर से आतंकवादी संगठन हमास के पंजों में जकड़े अपने चार नागरिकों को भीषण लड़ाई के बाद आखिरकार मुक्त करा लिया। इजराइली सुरक्षा बलों को इसके लिए शनिवार को गाजा के नुसीरत शरणार्थी क्षेत्र में हमास से कड़ा संघर्ष करना पड़ा। इस कार्रवाई में 274 फिलिस्तीनी मारे गए। इस इलाके में बंधकों को मुक्त कराने के कई घंटे बाद तक लड़ाई जारी रही। आईडीएफ (इजराइल डिफेंस फोर्सेज) की वेबसाइट में उपलब्ध विवरण में मुक्त कराए गए चारों बंधकों का फोटो भी जारी किया गया है। इनमें नोआ अगार्मानी (25), अल्मोग मीर जान (21), एंड्री कोजलोव (27) और श्लोमी जिव (40) शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा है कि इनको हमास ने सात अक्टूबर 2023 को नोवा संगीत समारोह से अगवा कर लिया गया था। इजराइल ने कहा, आतंकी संगठन ने बंधकों को जानबूझकर आबादी वाले क्षेत्रों में रखा। इसका मकसद यह था कि उन्हें मुक्त कराने में बाधा आए। इजराइली एजेंसियों ने सुनियोजित तरीके से पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। उधर, हमास ने दावा किया है कि इजराइली कार्रवाई में तीन बंधक मारे गए जिनमें एक अमेरिकी नागरिक था। गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि मारे गए लोगों में 57 महिलाएं और 64 बच्चे हैं। इसके अतिरिक्त करीब 700 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने नुसीरत के अलावा दीर अल-बलाह शहर पर भी हमले किए हैं।

### दो सड़क हादसों में युवक की मौत, आठ घायल

**शिमला।** जिले के देहा और रामपुर में रविवार देर शाम हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हुए हैं। देहा पुलिस थाना अंतर्गत एक कार अनियंत्रित होकर जीक नाले में जा गिरी। इस हादसे में कार चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त शुभम (33) निवासी ठियोग के तौर पर हुई है। दुर्घटनाग्रस्त कार में चालक के अलावा कोई मौजूद नहीं था। स्थानीय लोगों ने एक कार को नाले में पड़ा देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरा सड़क हादसा रामपुर के बाजीर बाबली में हुआ।

### गंगा से अज्ञात युवक का शव बरामद

**ऋषिकेश।** गंगा में बह कर आये एक अज्ञात युवक का शव ऋषिकेश के साईं घाट से सोमवार को जल पुलिस ने बरामद किया है। जल पुलिस के हेड कांस्टेबल हरीश गुसाईं ने बताया कि सोमवार की सुबह विशाल खैरवाल निवासी ऋषिकेश ने सूचना दी कि साईं घाट से 200 मीटर पहले गंगा में एक अज्ञात युवक का शव बहकर आया हुआ है। सूचना पर जल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को गंगा से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि शव करीब सात से दस दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृत युवक की उम्र 30 से 32 वर्ष प्रतीत हो रही है।

### लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल



**रायपुर।** सरगुजा जिले के विकासखण्ड अंबिकापुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसूता द्वारा जमीन पर प्रसव किए जाने की घटना संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना की जांच के निर्देश दिए थे। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच करवाई गई। जांच के दौरान बीएमओ, संस्था प्रभारी, बीपीएम, स्टॉफ नर्स, एएनएम एवं स्थानीय मितानिन उपस्थित रहे। जांच के तहत सभी के समक्ष उक्त प्रकरण के बारे में बयान लिया गया, तथा जच्चा-बच्चा प्रसूता महिला एवं नवजात बच्चों को देखा गया। प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एन. राजवाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। रात्रिकालिन स्टॉफ द्वितीय एएनएम मीना चौहान को तत्काल प्रभाव से हटाकर आयुष्मान मंदिर रेवापुर में कायार्देशित किया गया।

### अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया भण्डाफोड़

**महोबा।** जनपद में अवैध हथियारों को बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार की देर रात को पुलिस ने छापा मारा। यहां से दो अभियुक्त गिरफ्तार किए गए, जबकि एक फरार है। पुलिस ने मौके से तीन तमंचा और तीन कारतूसों के साथ भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। कोतवाली श्रीनगर के थाना प्रभारी अर्जुन सिंह ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में बताया कि क्षेत्र के गांव ढिकवाहा में अवैध रुप से शस्त्र फैक्ट्री की संचालित हो रही थी। रविवार की देर रात को पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री में छापा मारा। मौके से इसी गांव के रहने वाले सुरेश पाल और ग्राम लरौंद निवासी रमेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। उनका एक साथी रामनाथ भागने में सफल रहा।

# भीषण गर्मी में बिजली-पानी के पर्याप्त प्रबन्धन हों : पायलट

चमकता राजस्थान



**टोंक।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक श्री सचिन पायलट आज टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे।
श्री पायलट ने पं.स. टोंक स्थित ग्राम पंचायत देवपुरा के ग्राम सुनेला हाजीपुरा में विधायक स्थानीय विकास कोष से 10 लाख रूपये की स्वीकृत राशि से निर्मित सामुदायिक भवन तथा ग्राम देवपुरा में विधायक स्थानीय विकास कोष से 10 लाख रूपये की राशि से निर्मित भीमराव अम्बेडकर भवन का लोकार्पण किया।
इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए श्री पायलट ने कहा कि विधानसभा चुनावों की भांति लोकसभा चुनावों में हमें आपका भरपूर समर्थन एवं आशीर्वाद मिला है जिसके लिए मैं तहेदिल से आपका आभार व्यक्त करता हूं। लोकसभा चुनावों मे प्रदेश में 25 में से 11 सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा और केन्द में भाजपा की नहीं बल्कि मिलीजुली सरकार काबिज हुई। भाजपा की यह हार इस बात का द्योतक है कि गांव, गरीब के कल्याण की बात करके 10 साल पहले जो भाजपा सत्ता में आयी थी, उसकी कार्यशैली को जनता ने साफ तौर पर नकार दिया है। भाजपा ने इन 10 वर्षो में दबाव की राजनीति की, सरकारी एजेन्सियों का दुरूपयोग किया, भाई से भाई को लड़वाने का काम किया। भाजपा के खिलाफ वोट डालकर जनता ने भाजपा की कुनीतियो का विरोध प्रकट किया है।
उन्होंने कहा कि विगत कार्यकाल में भी टोंक में अनेक विकस कार्य करवाये गये है। आपने विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनावों में टोंक से कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि विकास का यह क्रम नहीं टूटेगा और जनता के कामों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

### पायलट ने किया शहीद स्मारक का लोकार्पण

» श्री सचिन पायलट ने टोक शहर में एक करोड़ 23 लाख रूपये की लागत से निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री पायलट ने कहा कि प्रदेश की विगत कांग्रेस सरकार ने राज्य के प्रत्येक जिले में शहीद स्मारक बनाने की परिकल्पना की थी जिसके तहत टोंक में शहीद स्मारक का निर्माण हुआ है। शहीद स्मारक, देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों तथा उनकें परिजनों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के अच्छे अवसर मिले, अच्छा शैक्षणिक माहौल मिले, इसके लिए हमें उन्हें बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करवाने चाहिए ताकि वे पढ़-लिखकर कर उच्च पदों पर पहुंचकर गांव, प्रदेश, देश की तरक्की में भागीदारी निभाये।
श्री पायलट के दौरे के दौरान टोंक सर्किट हाउस में जनसुनवाई का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। श्री पायलट ने जनसुनवाई में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों से एक-एक करके मुलाकात कर उनकी परिवेदनाएं सुनी तथा मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को समस्या निस्तारण हेतु निर्देशित किया।
श्री पायलट ने सर्किट हाउस में जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर टोंक में चल रहे विकास कार्यो का फीडबैक लिया तथा विभागवार कार्यो की समीक्षा की। साथ ही श्री पायलट ने शहर के धन्ना तलाई का अवलोकन भी किया।

## सोनीपत: हरियाणा सरकार की योजनाएं जनहितकारी: महिपाल ढांडा

**सोनीपत। एजेंसी**



हरियाणा प्रदेश के पंचायत एवं सहकारिता राज्यमंत्री मंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को कहा कि हरियाणा सरकार की योजनाएं जनहितकारी हैं। वे दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल (डीसीआरयूएसटी) के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि बोल रहे थे।
उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार की उपलब्धियों की सराहना की। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 2690 प्लॉट की रजिस्ट्री का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मंत्री ढांडा ने कहा कि पिछली सरकारों ने लोगों से वादे तो किए, परंतु प्लॉट उन्हीं जगहों पर दिए जहां वोट कम मिले या फिर उन जगहों पर वितरित किए जो विवादास्पद थीं। परिणामस्वरूप, लोग झगड़ते रहे और उन्हें प्लॉट नहीं मिले। लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस झगड़े को समाप्त कर लोगों को सीधे उनके घरों पर छत दी।
मंत्री ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की ईमानदारी और पारदर्शिता की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसी से एक पैसे की भी दलाली नहीं खाई है। ऐसा पाक-साफ मुख्यमंत्री कोई दावा नहीं कर सकता कि किसी से एक पैसा दलाली का लिया हो।। हमारा संकल्प है कि हम अंत्योदय करेंगे, और अंतिम व्यक्ति तक तन पर कपड़ा और पेट में अन्न देंगे। यही हमारा संकल्प है।
ढांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना बनाई और सबको आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया। अब कोई भी व्यक्ति किसी भी अस्पताल में जाकर पांच लाख रुपये तक का इलाज करवा सकता है, बिना किसी अतिरिक्त खर्च के। यह एक बड़ी उपलब्धि है जिससे लाखों लोगों को लाभ मिला है।

### रूस के लड़ाकू विमान पर यूक्रेन ने हमला करने का किया दावा

**कीव।** यूक्रेन ने रविवार को दावा किया उसके बलों ने अग्रिम चौकियों से लगभग 600 किलोमीटर दूर वायुसेना अड्डे के निकट खड़े रूसी अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर हमला किया है। यूक्रेन के सहयोगी पश्चिमी देशों ने उसे रूस के अंदर सीमित हमलों के लिए अपने हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। यूक्रेन की मुख्य सैन्य खुफिया सेवा ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें साझा कीं और कहा कि इनमें हमले के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है। यदि इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह यूक्रेन द्वारा सुखोई-57 लड़ाकू विमान पर किया गया पहला सफल हमला होगा। सुखोई दोहरे इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे रूस का सबसे उन्नत सैन्य विमान माना जाता है। खड़े विमान के चारों ओर मलबा देखा जा सकता है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के अनुसार, शनिवार को दक्षिणी रूस के अख्तुबिंस्क अड्डे पर हमला हुआ, जो अग्रिम चौकी से लगभग 589 किलोमीटर दूर है। हालांकि, यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि इसके लिए किस हथियार का इस्तेमाल किया गया, लेकिन यूक्रेन से वायुसेना अड्डे की दूरी से पता चलता है कि संभवतः इस पर ड्रोन से हमला किया गया।

### परीक्षा घोटालों से युवाओं का मनोबल तोड़ने का काम कर रही भाजपा : खोवाल

**हिसार। एजेंसी**



नेशनल इलिजिब्लिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में घोटाले का आरोप लगाते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि लाखों युवा दिन-रात मेहनत करके नीट की परीक्षा देते हैं। वे इस बात का इंतजार करते हैं कि उनकी मेहनत रंग लाएगी और निष्पक्ष व पारदर्शी परिणाम मिलेंगे। इसके विपरीत नीट के परिणाम में घोटाला करके लाखों युवाओं के सपनों पर कुठाराघात किया गया है। यह बात उन्होंने सोमवार को जारी बयान में कही। लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इतना बड़ा घोटाला सत्ताधारी पार्टी के दिग्गज नेताओं की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। दअरसल भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कायम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार नीट में रिकॉर्ड 67 युवाओं ने टॉप रैंक हासिल किया है। इससे पहले एक या दो परीक्षार्थी ही टॉपर होते थे। एनटीए द्वारा परीक्षा परिणाम की तिथि 14 जून निर्धारित की गई थी लेकिन जानबूझकर लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन चार जून को नीट का रिजल्ट जारी किया गया। टॉपर परीक्षार्थियों में कई टॉपर एक ही परीक्षा केंद्र के हैं। इतना ही नहीं नीट की परीक्षा में हर प्रश्न चार अंक का होता है। इसके बावजूद कई बच्चों के 718-719 अंक दिए गए। इतनी विषमताओं व अनियमितताओं के बावजूद भाजपा सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। नीट परीक्षा घोटाले को लेकर लाखों विद्यार्थी व कोचिंग सेंटर आंदोलन कर रहे हैं, धरने व प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

### रियासी आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : मनोज

**जम्मू। एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी में हुए आतंकी हमले को जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक कोशिश करार दिया। इस हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। उन्होंने सोमवार को अस्पताल जाकर इस घटना में घायलों से मुलाकात की और कहा कि रियासी आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
रियासी जिले में रविवार शाम तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर आतंकवादियों की गोलीबारी में कम से कम 9 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हो गए। आज घायलों से अस्पताल में मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि इस तरह के नापाक प्रयासों से सख्ती से निपटा जाएगा और इस हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री भी कल से ही स्थिति पर नजर रख रहे हैं।
हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके में संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। उपराज्यपाल सिन्हा ने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता घटना में घायल हुए लोगों को बचाना है। उन्होंने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये और घायलों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## जम्मू-कश्मीर हादसे में बलरामपुर के दो लोगों की मौत, 10 घायल

**बलरामपुर। एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के शिवखोड़ी में रविवार को बस पर हुए आतंकवादी हमले में जनपद बलरामपुर के दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर जनपद के नया नगर बलरामपुर निवासी अनुराग वर्मा (14) पुत्र राजित राम वर्मा, कांद भारी तहसील बलरामपुर निवासी कुमारी रुबी की मौत हो गई है। घायलों में भगवतपुर निवासी उषा पांडे (42) पत्नी रामगोपाल पाण्डेय निवासी भगवतपुर तहसील बलरामपुर, संतोष कुमार वर्मा पिता अयोध्या प्रसाद (34) गीता वर्मा पत्नी संतोष कुमार वर्मा (28)दिनेश कुमार वर्मा पिता अयोध्या प्रसाद (35) ,शिवा वर्मा पिता सन्तोष कुमार वर्मा (सभी एक ही परिवार के निवासी मधवाजोत बलरामपुर), विकास वर्मा पिता रामनरेश वर्मा (32) निवासी नरायनपुर (जेल के पास),विमला देवी पत्नी राम अक्षैवर(50), कुमारी मैना देवी(20),निवासी कान्दभारी बलरामपुर,राजित राम (38), शारदा पत्नी राजित राम (32) निवासी बनकटवा नया नगर हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी का जम्मू में उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी होते ही बलरामपुर की जिलाधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए नोडल अधिकारी नामित कर दिया। इसके साथ ही दो आधिकारियों को जम्मू के लिए रवाना कर दिया। यूपी के दो लोगों के मारे जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने जम्मू एंड कश्मीर प्रशासन से संपर्क किया है। साथ ही घायलों के इलाज की जानकारी ली है।

### रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में लगी भीषण आग

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र के कृष्णानगर गांव में रेलवे लाइन किनारे स्थित झाड़ियों में सोमवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर जाजमऊ से दो यूनिट के साथ अग्निशमन दस्ते के लोग मौके पर पहुंचे और अति शीघ्र आग पर काबू पाया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार ने बताया कि कृष्णा नगर गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे कतिपय कारणों से झाड़ियों में आग लग गई। आग लगने की जानकारी उस समय हुई, जब आग काफी विकराल हो गई। धुएं का गुब्बार और लपटों को देखते ही स्थानीय लोगों ने आग की सूचना अग्निशमन दस्ते को दी। सूचना पर जाजमऊ स्थित फायर स्टेशन से अग्निशमन दस्ते के कर्मचारी दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर अतिशीघ्र काबू में कर लिया। आग से कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

## काशीवासियों के दर्शन के लिए एक द्वार निर्धारित हो : कांग्रेस

- कांग्रेस इस कार्य के लिए काफी समय से प्रयासरत है
- कहीं न कही कांग्रेस के लोगों को इसका श्रेय जाएगा

**वाराणसी। एजेंसी**

- उज्जैन महाकाल मंदिर में वहां के स्थानीय निवासियों के लिए मंदिर में प्रवेश करने के लिए स्थानीय आधार कार्ड या अन्य कोई आईडी दिखलाना होगा



श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में काशीवासियों के दर्शन के लिए एक गेट निर्धारित करने की मांग को लेकर सोमवार को इंडी गठबंधन के कार्यकताओं ने पदयात्रा निकाली। मैदागिन चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा के पास से बाबा विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार तक निकली पदयात्रा में कार्यकर्ता उज्जैन में महाकाल के दर्शन वाली व्यवस्था काशी में भी लागू करने की मांग की।पदयात्रा में शामिल कांग्रेस के वाराणसी महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि काशीवासियों के लिए बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए सुगम एवं निःशुल्क व्यवस्था की मांग की गई है। इसमें मंदिर के किसी एक द्वार को चिन्हित करने के साथ काशीवासियों का कोई एक आईडी देख मंदिर में प्रवेश देने के लिए लम्बे समय से पार्टी मुखर है।
उन्होंने कहा कि जिस तरह से उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने वाले स्थानीय निवासियों के लिए मंदिर प्रबन्धन ने नई व्यवस्था बनाई है। वहीं व्यवस्था काशी में भी लागू होना चाहिए। उज्जैन महाकाल मंदिर में वहां के स्थानीय निवासियों के लिए मंदिर में प्रवेश करने के लिए स्थानीय आधार कार्ड या अन्य कोई आईडी दिखलाना होगा, तभी प्रवेश की अनुमति मिलेगी। ठीक उसी प्रकार से काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए एक द्वार काशीवासियों के लिए भी सुनिश्चित की जाय, जहां काशीवासी अपना आधार कार्ड या अन्य कोई आईडी दिखा कर निःशुल्क दर्शन कर सकें।
उन्होंने बताया कि कांग्रेस इस कार्य के लिए काफी समय से प्रयासरत है। जानकारी प्राप्त हुई है कि वाराणसी मंडलायुक्त के अगुवाई में यहां के प्रशासनिक अधिकारियों के एक दल ने उज्जैन जाकर उस व्यवस्था को देखा भी है। लेकिन कहीं न कही कांग्रेस के लोगों को इसका श्रेय जाएगा, इस वजह से लगातार इसमें हीला-हवाली की जा रही है।

## हार की आशंका से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने यूरोपीय संसद भंग की

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)। एजेंसी**



यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव में हार की आशंका की वजह से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने संसद भंग कर मध्यावधि चुनाव का आह्वान कर दिया है। बेल्जियम की सत्तारूढ़ पार्टी की इस चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डीक्रू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव छह से नौ जून के बीच हुए। इस चुनाव में लगभग 40 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। चुनाव की शुरूआत छह जून को नीदरलैंड में मतदान के साथ शुरू हुई। इस दौरान फ्रांस, इटली, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, इस्टोनिया, लिथुआनिया और स्वीडन जैसे तमाम यूरोपीयन देशों में भारी मतदान हुआ। यूरोपीय संसद दरअसल यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। यह दुनिया की अकेली सीधी चुनी हुई अंतरराष्ट्रीय सभा है। इसमें संसद के सदस्य यूरोपीय संघ के नागरिकों के हितों की बात करते हैं। मेंबर ऑफ यूरोपियन यूनियन (एमईपी) सदस्य देशों की सरकारों के साथ मिलकर नए-नए कानून बनाते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय मसलों पर फैसला लेते हैं। यह सदस्य क्लाइमेट चेंज और रिफ्यूजी पॉलिसी का बजट तय करते हैं।
यह चुनाव पोस्टल बैलेट से कराए जाते हैं। ईयू के लिए हर देश से चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या उस देश की आबादी पर निर्भर करती है। 2019 के यूरोपीय संसद के चुनाव में 751 प्रतिनिधियों को चुना गया था।

## एक नजर

### नौकायन में भारत को नेत्रा से रहेंगी उम्मीदें



**नई दिल्ली।** भारत की नेत्रा कुमानन ने नौकायन में आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेत्रा ने फ्रांस में हुए अंतिम क्वालीफायर मुकाबले में भारत की ओर से दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में भाग लेते हुए एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम के तहत ही ये कोटा हासिल किया। नेत्रा इस रेस में 67 नेट अंक हासिल कर पांचवां स्थान पाया। उसे नौकाचालकों में शीर्ष पर आने के कारण ही ओलंपिक कोटा मिला है। खेल की संचालन संस्था वर्ल्ड सेलिंग एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम के तहत उन देशों के नाविकों की की सहायता करती है जो ये खेल ज्यादा नहीं खेलते हैं। महिलाओं की डिंघी में शीर्ष तीन खिलाड़ियों रोमानिया की एब्रू बोलाट ने 36 नेट अंक, साइप्रस की मारिलेना माक्री ने 37 नेट अंक और स्लोवेनिया की लिन प्लेटिकोस ने 54 नेट अंक हासिल कर सबसे पहले ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### भारत में तेजी से सामने आ रहीं बैडमिंटन प्रतिभाएं : बीडब्ल्यूएफ



**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) के प्रमुख पॉल-एरिक होयर ने कहा है कि भारत में तेजी से बैडमिंटन की प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में अगले साल भारत में होने वाले विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगी। होयर ने कहा भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजन और भी अहम है। उन्होंने कहा बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा। विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा। (बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पधाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी। पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था।

### आईपीएल से बाहर रहने का लाभ मिल रहा : जंपा



**ब्रिजटाउन।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्पिनर एडम जंपा ने कहा है इस साल आईपीएल नहीं खेलने का उनका फैसला सही रहा, इसका लाभ अब उन्हें मिल रहा है। जंपा का मानना है कि इसी कारण उन्हें टी20 विश्वकप की तैयारियों के लिए भी पर्याप्त समय मिला। इसके साथ ही उनकी फिटनेस भी बेहतर हुई। जिससे वह अब तक विश्वकप में अच्छा प्रदर्शन कर पाये हैं। जंपा का मानना है कि आईपीएल से बाहर रहने के कारण ही वह अपने परिवार के साथ समय बिता पाये हैं। जम्पा ने इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबल में अच्छी गेंदबाजी की थी। जम्पा ने कहा निश्चित तौर पर विश्व कप को ध्यान में रखते हुए आईपीएल से हटने का मेरा फैसला पूरी तरह से सही रहा। आईपीएल से पहले मैं काफी थका हुआ महसूस कर रहा था तथा मैं पूरी तरह से फिट भी नहीं था। इसके अलावा मैं परिवार के साथ समय बिताना चाहता था। मेरा मानना है कि परिवार को काम से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिये। उन्होंने कहा खेल में मैं थोड़ा धीमी शुरूआत करने वाला व्यक्ति हूंऔर इस कारण मुझे थोड़ी अधिक मेहनत करनी होती है पर अब मैं अब पूरी तरह से फिट हूं और आराम से गेंदबाजी कर रहा हूं।

# टी-20 : भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह



**नई दिल्ली। एजेंसयी**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने इस मामले में हार्दिक को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह ने यह उपलब्धि न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हासिल की। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। बुमराह ने मैच में 3.50 की इकॉनमी रेट से चार ओवर में सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। बुमराह ने कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद के विकेट लिए।

बुमराह ने 64 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 18.67 की औसत और 6.44 की इकॉनमी रेट से 79 विकेट लिए हैं, जिसमें 3/11 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। हार्दिक ने 94 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 4/16 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के साथ 78 विकेट लिए हैं। टी-20 प्रारूप में भारत के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले स्पिन अनुभवी युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने 80 खेलों में 25.09 की औसत और 8.19 की इकॉनमी रेट से 6/25 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के साथ 96 विकेट लिए हैं। दूसरे स्थान पर भारत के स्विंग विशेषज्ञ भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने 87 मैचों में 23.10 की औसत और 6.96 की इकॉनमी रेट से 90 विकेट लिए हैं, तथा उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/4 रहा है।



न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 123 मैचों में 23.15 की औसत और 8.13 की इकॉनमी रेट से 157 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/13 रहा है। मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हालांकि, भारतीय बल्लेबाज इस कठिन सतह पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और स्टार ओपनर विराट कोहली (4) और रोहित शर्मा (13) बड़ा स्कोर बनाने में विफल रहे। ऋषभ पंत (31 गेंदों में 42 रन, छह चौके) एक अलग पिच पर खेल रहे थे और उन्होंने अक्षर पटेल (18 गेंदों में 20 रन, दो चौके और एक छक्का) और सूर्यकुमार यादव (आठ गेंदों में सात रन, एक चौका) के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं। हालांकि, ऐसी कठिन पिच पर रन बनाने के दबाव में निचला मध्य क्रम बिखर गया और भारत 19 ओवर में सिर्फ 119 रन ही बना सका।

पाकिस्तान के लिए हारिस राउफ और नसीम शाह ने 3-3, मोहम्मद आमिर ने दो और शाहीन शाह अफरीदी ने एक विकेट लिया। रन-चेज में पाकिस्तान ने ज्यादा संतुलित रुख अपनाया और मोहम्मद रिजवान (44 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन) ने एक छोर संभाले रखा। हालांकि, बुमराह (3/14) और हार्दिक पांड्या (2/24) ने कप्तान बाबर आजम (13), फखर जमान (13), शादाब खान (4), इफ्तिखार अहमद (5) के महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किए, जिससे पाकिस्तान पर दबाव बरकरार रहा। अंतिम ओवर में 18 रनों की जरूरत के साथ, नसीम शाह (10*) ने पाकिस्तान के लिए जीत की कोशिश की, हालांकि, अर्शदीप सिंह (1/31) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान छह रन से पीछे रह जाए। बुमराह ने अपने मैच जीतने वाले स्पेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

## लक्ष्य का पीछा करते समय ज्यादा दबाव ले लिया : गैरी कर्स्टन

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से मिली हार के बाद, पाकिस्तान के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने स्वीकार किया कि टीम ने खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव डाला। ऋषभ पंत की बेहतरीन पारी के बाद जसप्रीत बुमराह के तीन विकेटों की बदौलत पाकिस्तानी बल्लेबाजों पर दबाव बना और भारत ने नासाऊ काउंटी स्टेडियम में 6 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्स्टन ने कहा ये सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और वे जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो उन पर दबाव डाला जाता है। यह समझ में आता है, लेकिन इनमें से बहुत से खिलाड़ियों ने कई सालों में दुनिया भर में बहुत सारे टी20 क्रिकेट खेले हैं और यह वास्तव में उन पर निर्भर करता है कि वे अपने खेल को कैसे आगे ले जाते हैं।



नासाउ काउंटी स्टेडियम की खेल सतह पर कर्स्टन ने कहा कि यह किसी भी तरह से खतरनाक नहीं था, सिवाय एक-दो गेंद के जो तेजी से ऊपर उठ रही थी। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाज स्कोर करने में सक्षम थे और साथ ही आउटफील्ड भी काफी धीमी थी, इसलिए यह कभी भी बड़ा स्कोर नहीं होने वाला था। मैं कहता कि उस पिच पर 140 का स्कोर वास्तव में अच्छा होता।

इसलिए, भारत को वह स्कोर नहीं मिला, इसलिए मुझे लगा कि हमने मैच जीत लिया है। हम जानते थे कि यह कड़ा मुकाबला होने वाला है, लेकिन कभी-कभी इस तरह के खेल देखना भी मजेदार होता है। यह हमेशा छक्के और हिटिंग, 230 और 240 रन बनाने के बारे में नहीं होता है। वास्तव में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आप वास्तव में एक मनोरंजक खेल खेल सकते हैं। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि यह खेल के लिए बुरा है।

कर्स्टन ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को संदेश दिया गया कि ढीली गेंदों को बाउंड्री में बदलें और स्ट्राइक को अच्छी तरह से रोटेट करें। उन्होंने कहा हमने इसे एक गेंद पर एक रन पर बनाए रखा।

### भारत से मिली हार के बाद बाबर ने कहा-हमने बहुत ज्यादा डॉट बॉल खेली



न्यूयॉर्क। आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से हार के बाद, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पारी के दूसरे भाग में अधिक डॉट बॉल खेली, जिससे शानदार गेंदबाजी के बावजूद उनकी हार हुई। रविवार को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी स्टेडियम में गेंद और बल्ले के बीच रोमांचक मुकाबले में 120 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तान की टीम एक समय जीत की स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने अपनी गेंदबाजी से मैच को वापस खींच लिया और भारत को 6 रन से जीत दिला दी। मैच के बाद बाबर ने कहा हमने अच्छी गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में, हमने लगातार दो विकेट खोए और बहुत सारी डॉट बॉल खेली। रणनीति सामान्य रूप से खेलना आसान था। बस स्ट्राइक रोटेशन और कुछ बाउंड्री। लेकिन उस अवधि में (उनके रन-चेज के दूसरे भाग में) हमने बहुत सारी डॉट बॉल खेली। हम टेलएंडर्स से बहुत उम्मीद नहीं कर सकते। हमारा दिमाग बल्लेबाजी में पहले छह ओवरों का उपयोग करने पर था। लेकिन एक विकेट गिरने के बाद, हम फिर से उस चरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। पिच अच्छी दिख रही थी। गेंद अच्छी तरह से आ रही थी। यह थोड़ी धीमी थी, और कुछ गेंदें अतिरिक्त उछाल वाली थीं। हमें आखिरी दो मैच जीतने हैं।

## आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैथ्यू वेड को लगाई गई फटकार

**दुबई। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। वेड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष दिखाने से संबंधित है। इसके अलावा, वेड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।



यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में हुई। वेड ने लेग स्पिनर आदिल राशिद की गेंद को गेंदबाज की तरफ खेला, चूंकि वह तैयार नहीं थे, फिर भी शॉट खेला और उम्मीद जताई कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे। जब ऐसा नहीं हुआ, तो वेड ने अंपायरों के साथ फैसले को लेकर बहस की। वेड ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## सीपीएल 2024: ट्रिनबागो नाइट राइडर्स में शामिल हुए टिम डेविड और जेसन रॉय

**पोर्ट ऑफ स्पेन। एजेंसी**

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सोमवार को कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ड्राफ्ट से पहले अपने द्वारा रिटेन और साइन किए गए खिलाड़ियों की घोषणा की है। उनके पास 2024 सीजन के लिए 15 पुष्ट खिलाड़ी हैं। नाइट राइडर्स ने 2024 सीजन के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड को साइन किया है। डेविड को पहले सेंट लूसिया किंग्स के साथ सीपीएल में सफलता मिली थी। उन्होंने अनुभवी और विस्फोटक इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जेसन रॉय की सेवाएँ भी हासिल की हैं। यूएसए के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अली खान और अफगान स्पिनर वकार सलामखेल 2024 सीजन के लिए फ्रैंचाइजी में लौटेंगे। नाइट राइडर्स ने आयरलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल को भी साइन किया है। नाइट राइडर्स ने उन कैरेबियाई खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जो उन्हें 2023 टूर्नामेंट के फाइनल तक ले गए थे। इनमें आंद्रे रसेल, कीरोन पोलार्ड, सुनील नरेन और निकोलस पूरन शामिल हैं, जो सभी त्रिनिदाद फ्रेंचाइजी के साथ वापस आ गए हैं।




**नाइट राइडर्स द्वारा रिटेन और अनुबंधित खिलाड़ियों की पूरी सूची इस प्रकार है:-**

कीरोन पोलार्ड, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, निकोलस पूरन, टिम डेविड, जेसन रॉय, अकील होसेन, ड्वेन ब्रावो, वकार सलामखेल, जेडन सील्स, जोश लिटिल, अली खान, मार्क डेयाल, केसी कार्टी, टेरेंस हिंड्स।

## वाणिज्य



## रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार सेंसेक्स पहली बार 77 हजार के पार पहुंचा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार ने खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स पहली बार 77 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, सिप्ला और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 3.65 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, एलटी माइंडट्री और विप्रो के शेयर 2.21 प्रतिशत से लेकर 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,236 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,651 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 585 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### सत्ता संभालने से पहले चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

पिछले पांच साल से सत्ता से दूर रहे चंद्रबाबू नायडू की किस्मत ने पलटी मारी है। आंध्र प्रदेश में ना केवल उनकी सत्ता में वापसी हुई है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र सरकार में उनकी भूमिका बढ़ने के साथ परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। राज्य की सत्ता संभालने से पहले एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई है। कंपनी के शेयरों में इस उछाल से उनके परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। हेरिटेज फूड्स के शेयर सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 727.9 रुपये के नए 52 हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं।

कंपनी के शेयरों में 10 फीसदी का ऊपरी सर्किट लगा है। आंध्र प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 35.71 फीसदी यानी कंपनी के 3,31,36,005 शेयर हैं।

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 80 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी उछकर 79.88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.24 डॉलर यानी 0.32 फीसदी बढ़कर 75.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एशिया में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में निराशा का माहौल बना रहा, जिसके कारण यहां के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,346.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने



0.23 प्रतिशत टूट कर 17,133.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,767.87 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत फिसल कर 8,245.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,001.80 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दौसाः पीने के पानी की समस्या को लेकर लोगों ने कलेक्ट्रेट पर किया विरोध प्रदर्शन



**चमकता राजस्थान। दौसा।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 1 में पानी की समस्या के बारे में लोगों की चिंता बढ़ रही है। इसके लिए लोगों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गर्मी में हैंडपंप और एकल बिंदु भी जवाब दे गए हैं। उनका कहना है कि वार्ड में पीने के पानी की भयंकर समस्या है और पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गर्मी में हालांकि प्रशासन द्वारा टैंकर भेजे जाते हैं। लेकिन, वार्ड पार्षद द्वारा टैंकर का पानी अपने चहेते अफसरों, कर्मचारियों को छोड़कर आम जनता के घर तक नहीं पहुंचाया जा रहा है। प्रतीक विहार कॉलोनी में दो हैण्डपंप काफी समय से खराब हैं। इस मुद्दे पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यहाँ तक कि पानी की पाईप लाईन को बिछे हुए 3-4 महीने हो गए हैं लेकिन जलदाय विभाग द्वारा अभी तक कोई आगे की कार्यवाही नहीं की गई है। लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की मांग की है। इस दौरान कैलाश सिंह राजपूत, राजेन्द्र राजपूत, बाबूलाल सैनी, शिवराम शर्मा, गोपाल सैनी, हनुमान, रूपेश, योगेश आदि ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्या के जल्द निराकरण किए जाने की मांग की।

### शाहपुरा विधायक मनीष यादव को राजस्थान विधानसभा में हाउस कमिटी फॉर ई गवर्नेस एंड जनरल प्रपज का सदस्य नियुक्त किया गया

**चमकता राजस्थान। शाहपुरा ।** भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजस्थान विधानसभा के सभागार में माननीय सदस्यों की सीटो पर कंप्यूटर उपकरण स्थापित करने तथा विधानसभा सचिवालय को पेपर लेस किए जाने के कार्य हेतु राज्य में हद्वङ्क प्रोजेक्ट और अन्य ई-गवर्नेन्स मुद्दों की निगरानी के लिए माननीय अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा की अध्यक्षता में हाउस कमिटी फॉर ई गवर्नेस एंड जनरल प्रपज का सदस्य बनाया गया है। इससे पहले भी विधायक मनीष यादव को विधानसभा कार्य संचालन एव प्रक्रिया के नियमों के तहत सरकारी आश्वासन संबंधीसमिति तथा प्रशन एव संदर्भ समिति का सदस्य बनया जा चुका है। शाहपुरा विधायक मनीष यादव को विधानसभा के द्वारा यह जिम्मेदारी देने के बाद क्षेत्र में एक खुशी की लहर है और क्षेत्रवासी विधायक को फोन और व्यक्तिगत रूप से बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।



### युवा मित्र संघर्ष समिति ने पुनः बहाली को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)** युवा मित्र योगेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में युवा मित्रों की नियुक्ति की थी। जिसे भाजपा सरकार ने रद्द कर दिया। इसके बाद युवा मित्र संघर्ष समिति ने जयपुर में शहीद स्मारक पर 72 दिन तक धरना दिया था। इसके बाद 16 मार्च 2024 को सरकार ने एक प्रतिनिधिमंडल को वार्तालाप के लिए बुलाया था। जिसमें सीएम के मुख्य सचिव सिद्धार्थ सिहाग, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, आयोजना विभाग के मुख्य सचिव नवीन जैन सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि आचार संहिता के समाप्त होने के बाद नियुक्ति दी जाएगी। ज्ञापन में बताया गया कि अब आचार संहिता की समाप्ति हो चुकी है। ऐसे में पुनः बहाल कर जल्द से जल्द राहत दी जाए। इस मौके युवा मित्र असलम चिड्डा, विकास शर्मा, सुहान शर्मा, पुरु अवस्थी और लखन सिंह आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया राजस्थान हाउस दौरा

## तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के पृथ्वीराज रोड़ स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य में और अधिक गति लाते हुए तय समय-सीमा में इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि समय-सीमा के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ऐतिहासिक राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। 136 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस राजस्थान हाउस के 2 बेसमेंट स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लोअर और अपर बेसमेंट में हवा के लिए डक्ट लगाने तथा फायर फाईटिंग के लिए पाईप इत्यादि लगाने का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों ने बताया कि लोअर बेसमेंट में अंडर ग्राउंड वाटर टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सिविल कार्य भी प्रगति पर है । पुनर्निर्माण के बाद ऐसा होगा नवीन राजस्थान हाउस नई दिल्ली के 'लुटियंस जोन' में 7050 वर्ग मीटर में पुनः निर्मित हो रहा राजस्थान हाउस, राजस्थान सरकार का एक राजकीय गेस्ट हाउस है। इसके पुनर्निर्माण में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जाएगा। भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन क्लेडिंग का कार्य किया जाएगा। नवीन राजस्थान हाउस में दो बेसमेंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाईनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हाल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं मिलेंगी।। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन के पुनर्निर्माण के कार्य शीघ्र पूरे किए जायें



## उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने हमीरपुरा में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत



चमकता राजस्थान१

जयपुर, 10 जून। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को दौसा जिले की लालसोट तहसील के ग्राम हमीरपुरा में स्वर्गीय श्री प्रभाती लाल बैरवा के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत की। डॉ बैरवा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मूर्ति अनावरण किया। उन्होंने समारोह में स्थानीय महिलाओ द्वारा गाये जा रहे सुद्दा दंगल गायन ( धार्मिक कथाओ का वाचन) को सुनकर गायन कला की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने समारोह में उपस्थित ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता का सम्मान करना हमारी संस्कृति की पहचान है, हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर अपने कर्तव्यों व जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंचाना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकताओं में पेयजल परियोजनाएं सर्वप्रथम है। लालसोट विधायक श्री रामविलास मीणा ने उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का क्षेत्र में पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

समारोह में लालसोट विधायक रामविलास मीना, सतपाल मीना, सरपंच कांजी मीना, स्थानीय सरपंच बाबूलाल, केदार मीना, रूपसिंह मीना एवं बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना कर खिलाडियों को दिया खेल मैदान का तौहफा

### रोजदा में खेल मैदान हेतु 50 हजार वर्गमीटर भूमि का पट्टा किया जारी



चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 जून।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत रोजदा में खेल मैदान हेतु करीब 50 हजार वर्गमीटर भूमि का पट्टा जारी किया गया। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा में स्वीकृत ग्राम पंचायत रोजदा में खेल मैदान तैयार करने की घोषणा की गई थी। इसी को मूर्त रूप देने हेतु सोमवार को उपायुक्त जोन-12 ने 50 हजार वर्गमीटर (20 बीघा) भूमि का पट्टा जारी किया। उन्होंने बताया कि समाजसेवी उत्तम शर्मा एवं सरपंच आशा निठारवाल द्वारा मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं जेडीए का आभार व्यक्त किया।

## जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन !

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में पेयजल और बिजली कटौती की समस्या को लेकर सोमवार को जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पानी किल्लत से गुस्साए कांग्रेसजनों ने नारे बाज़ी की,जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरआर तिवारी ने भजनलाल सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पर्ची वाले मुख्यमंत्री ने जलदाय मंत्री भी पर्ची से बना दिया। सीएम का विधानसभा क्षेत्र सांगानेर भी प्यासा है। प्रदर्शन में जयपुर शहर के कई ब्लॉक अध्यक्ष, सांगानेर से विधानसभा प्रत्याशी रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज, मालवीय नगर से प्रत्याशी रहीं अर्चना शर्मा ,विक्रम सिंह पवॉर ,हाजी उस्मान भी शामिल रहे !





# डेपुटेशन से सालों मलाईदार पदों पर कार्यरत चार इंजीनियरों को भेजा पीडब्लूडी मूल विभाग !

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश सरकार ने सरकारी डेपुटेशन खत्म करके कर्मचारी अधिकारियों को मूल विभाग में लोटाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने चार इंजीनियरों के डेपुटेशन खत्म करके मूल विभाग में लौटने के आदेश जारी किए हैं। ये चारों आरएसआरडीसी में लंबे समय से डेपुटेशन पर थे। इनमें अविनाश शर्मा पिछले 24 साल से डेपुटेशन पर थे। इनकी 33 साल की सर्विस में वे 24 साल डेपुटेशन पर रहे। पांच सरकारों में उनका समय डेपुटेशन में गुजरा। अब छठीं सरकार में इनका डेपुटेशन खत्म हुआ है। इसी तरह से 9 से 11 साल से डेपुटेशन पर चल रहे तीन अन्य इंजीनियरों को भी मूल विभाग में भेज दिया गया है।

- **सार्वजनिक निर्माण विभाग कैंपस में भी जमे हैं कई अधिकारी सालों से**

मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग कैंपस में भी कई अधिकारी मलाईदार पदों पर सालों से जमे हुए हैं अब उनकी छँटनी की जा रही है और सूची बनायी जा रही है जो पिछले सरकार में भी मलाईदार पद पर थे और अब भी उन मलाईदार पदों का मज़ा लूट रहे हैं आरएसआरडीसी में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कई कर्मचारी सालो से एक ही पद पर जमे हुये थे जबकि आरएसआरडीसी सरकारी कंपनी है और पीडब्ल्यूडी से कंर्सन है। नियम अनुसार पांच साल की डेपुटेशन का स्टैंडर्ड नियम यहां भी लागू है। पीडब्ल्यूडी के ही अधिकांश इंजीनियर आरएसआरडीसी में डेपुटेशन पर जाते हैं। पांच साल के नियम का वॉयलेशन हुआ है। इनको भेजा मूल विभाग : आशु कुमारा गर्ग, आरके लूथरा और निखिल गुप्ता तीनों लंबे समय से आरएसआरडीसी में डेपुटेशन पर थे। अब इनको मूल विभाग में भेज दिया गया है।

- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के सीटी डिविजनों में एचआर,पेटी बिलों में भारी धांधली**

सार्वजनिक निर्माण विभाग में एक और घोटाला सामने आया है ,मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग के सिटी डिविजनों में एचआर और पैटी बिलों में भारी धाँधली हो रही है सूत्रों ने बताया कि यदि पिछले साल भर के एचआर तथा पैटी बिलों की जाँच की जाए तो इसमें लाखों रुपये का घोटाला सामने आ सकता है।

### भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आरएसआरडीसी के दो अधिशासी अभियंता निलंबित

चमकता राजस्थान

PWD
Public Works Department

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग ने एक आदेश जारी कर एसीबी द्वारा विभाग को लिखित सूचना मिलने के तत्काल बाद विभाग ने कार्यवाही करते हुए दोनों अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया, एक्सईएन लक्ष्मण सिंह हाल परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी भरतपुर यूनिट एवं एक्सईएन सियाराम चंद्रावत हाल परियोजना निदेशक धौलपुर यूनिट को गिरफ्तार किए जाने की लिखित सूचना एसीबी से प्राप्त होते ही विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929